CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव











वर्ष- 43 | अंक -167 | राजनांदगांव, शनिवार 04 मई 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए







# 25 साल में पहली बार अमेठी से चुनाव नहीं लड़ेगा गांधी परिवार, राहुल ने रायबरेली से भरा पर्चा, बोले- मां ने सौंपी परिवार की कर्मभूमि

रायबरेली। तमाम कौतूहल और कयासों के बाद शुक्रवार सुबह रायबरेली से राहुल गांधी के नाम की घोषणा हुई और उन्होंने गांधी परिवार का गढ़ माने जाने वाले अमेठी निर्वाचन क्षेत्र को छोड़कर रायबरेली को चुना। ऐसा 25 वर्षों बाद हो रहा है जब गांधी परिवार का कोई सदस्य अमेठी से इस चुनावी रण में नहीं उतरा है।

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण की नामांकन प्रक्रिया के आखिरी दिन कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रायबरेली से पर्चा दाखिल किया। इसी दिन भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने भी रायबरेली से नामांकन किया। उधर, अमेठी से कांग्रेस ने सोनिया गांधी के प्रतिनिधि किशोरी लाल शर्मा को शुक्रवार सुबह अमेठी लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किया। उनके सामना भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी होगा।



### अजेय रही हैं सोनिया

सोनिया गांधी ने रायबरेली से वर्ष 2004 में चुनाव लड़ा और जीता। उसके बाद 2006 के उपचुनाव, 2009, 2014 और फिर 2019 में विजयी हुईं। सोनिया हर बार रायबरेली से अजेय रहीं। इससे पहले 1967 में इंदिरा गांधी ने रायबरेली से चुनाव लड़ा और जीतीं। फिर 1971 में विजयी हुईं, लेकिन 1977 में हार गईं। 1980 में फिर रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ा और विजयी हुईं। दोपहर 12 बजे के बाद उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह समेत अन्य लोग नामांकन के लिए निकले। सबसे पहले उन्होंने जगमोहनेश्वर मंदिर में पूजन किया। फिर कलेक्ट्रेट में चार सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं, करीब दो बजे राहुल नामांकन करने पहुंचे। वह करीब एक घंटे तक कलेक्ट्रेट में रहे। राहुल ने चार सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद इलियास, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### नामांकन से लौटकर की पारंपरिक पूजा

गांधी परिवार से जब किसी ने लोकसभा के लिए नामांकन किया तो पहले केंद्रीय कार्यालय पहुंचकर पूजन किया। उसी परंपरा को निभाने के लिए राहुल के नामांकन के लिए पूजन कार्यक्रम केंद्रीय कार्यालय में रखा गया, लेकिन जाम के कारण उन्होंने नामांकन करने के बाद पूजा की। नामांकन करके लौटे राहुल ने केवल इतना कहा कि जब दोबारा आऊंगा तो बात करूंगा।

### अमेठी और रायबरेली मेरे लिए अलग-अलग नहीं

राहुल गांधी ने नामांकन के बाद एक्स पर लिखा कि 'रायबरेली से नामांकन मेरे लिए भावुक पल था। मेरी मां ने मुझे बड़े भरोसे के साथ परिवार की कर्मभूमि सौंपी है और उसकी सेवा का मौका दिया है। अमेठी और रायबरेली मेरे लिए अलग-अलग नहीं हैं, दोनों ही मेरा परिवार हैं और मुझे खुशी है कि 40 वर्षों से क्षेत्र की सेवा कर रहे किशोरी लाल जी अमेठी से पार्टी का प्रतिनिधित्व करेंगे। अन्याय के खिलाफ चल रही न्याय की जंग में, मैं मेरे अपनों की मोहब्बत और उनका आशीर्वाद मांगता हूं। मुझे विश्वास है कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने की इस लड़ाई में आप सभी मेरे साथ खड़े हैं।

# भाजपा को उखाड़ फेकेंगे, आरक्षण को मिटने नहीं देंगे - लालू यादव

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने आज उन पर लग रहे परिवारवाद के आरोप का जवाब दिया. उन्होंने कहा कि परिवारवाद तो वे (बीजेपी) कर रहे हैं.



जिस राजनीतिज्ञ के बाल-बच्चे हैं और जो योग्य और सक्षम हैं, क्या उन्हें राजनीति करने का हक नहीं है? लालू यादव ने ह्ष्ठञ्जङ्क से खास इंटरव्यू में यह बात कही.

लोकसभा चुनाव को लेकर लालू यादव ने कहा कि, पूरा प्रचार हमारे तेजस्वी यादव कर रहे हैं. जहां जहां जरूरत होती है वहां हम जाते हैं और जाएंगे. काफी जोरदार प्रचार-प्रसार हो रहा है. इसमें बाकी दल बहुत पीछे हैं.

उन्होंने कहा कि, बाबा साहेब और भारत के संविधान, आरक्षण और लोकतंत्र को खत्म करने वाली बीजेपी को उखाड़ फेंकना है. बाबा साहेब के दिए हुए संविधान और आरक्षण को हम लोग मिटने नहीं देंगे. यह हमारा मुद्दा है. महंगाई और बेरोजगारी को मिटाना है. आरजेडी नेता ने कहा कि, 10 साल में इनको (बीजेपी) पता चल गया है कि अब कुछ चलने वाला नहीं है तो लोकतंत्र को खत्म करके अपना तंत्र चलाना चाहते हैं. हिंदू भाई को किस चीज का खतरा है...मुसलमानों से क्या खतरा है हिंदू भाई को... आरक्षण सभी को मिलना चाहिए. क्या पासमांदा या पिछड़े मुस्लिम को आरक्षण देने का मतलब है कि हिंदू पर खतरा हो गया... ये लोग (बीजेपी) ढोंग करते हैं. हिंदू भाईयों को गुमराह कर रहे हैं. लालू यादव ने कहा कि, जातिगत जनगणना होने के बाद हमने हिंदू भाईयों का आरक्षण बढ़ाया. सभी का आरक्षण बढ़ा है लेकिन दलित मुस्लिमों को नहीं हुआ है, उनका भी बढ़ाना है. केंद्रीय जांच एजेंसियों की कार्रवाई को लेकर उन्होंने केंद्र सरकार को निशान बनाया. उन्होंने कहा कि, केस-मुकदमे का ढोंग करते हैं. दो-दो मुख्यमंत्रियों को जेल के अंदर बंद कर रखा है. 10 सालों में कुछ नहीं किया है. यह (बीजेपी) फिर से (सत्ता में) बैठना चाहती है, लेकिन देश की जनता किसी भी कीमत पर बैठने नहीं देगी। परिवारवाद के आरोप पर लालू यादव ने कहा कि, परिवारवाद तो वे कर रहे हैं. जिस राजनीतिज्ञ के बाल-बच्चे हैं और जो योग्य और सक्षम हैं, क्या उन्हें राजनीति करने का हक नहीं है?

नीतीश कुमार के सवाल पर आरजेडी नेता लालू यादव ने कहा कि नीतीश कुमार पर हमको तरस आता है. छोटे भाई हम बोलते थे. नीतीश कुमार ने अपना फर्ज नहीं निभाया है. हमको बोलते हैं बच्चा पैदा किया. अब नीतीश कुमार इधर नहीं आएंगे. हमलोग उनको अब आगे नहीं बढ़ाएंगे. नीतीश कुमार में अब राजनीति करने के लिए दम नहीं है. उन्होंने बिहार सरकार में पूर्व में आरजेडी की सहयोगी रही जेडीयू के प्रमुख नीतीश कुमार को भी निशाना बनाया. उन्होंने कहा कि, नीतीश कुमार पर हमें तरस आता है. हम क्या बोलें उन पर.. हम उन्हें छोटे भाई बोलते थे, लेकिन उन्होंने अपना फर्ज नहीं निभाया.

# भारत ने ईरान और इजरायल की यात्रा से प्रतिबंध हटाया, दी सतर्कता बरतने की सलाह

नयी दिल्ली। भारत ने ईरान और इज़रायल के बीच संघर्ष की आशंका के मद्देनजर भारतीय नागरिकों के लिए इन दोनों देशों की यात्रा पर लगाए गए प्रतिबंध को हटा लिया है लेकिन लोगों को यात्रा के दौरान सतर्कता बरतने और भारतीय मिशन के संपर्क में रहने की सलाह दी है।



ईरान और इज़रायल के संबंध में यात्रा परामर्श के बारे में मीडिया के प्रश्नों के उत्तर में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा,÷हम क्षेत्र में स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। हमने यह भी देखा है कि ईरान और इज़रायल ने कई दिनों से अपना हवाई क्षेत्र खोल दिया है। हम भारतीय नागरिकों को इन देशों की यात्रा करते समय सतर्क रहने और भारतीय दूतावास के संपर्क में रहने की सलाह देते हैं।

उल्लेखनीय है कि 12 अप्रैल को विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को परामर्श जारी करके कहा था कि वे तत्कालीन स्थिति को देखते हुए (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# झारखंड को भ्रष्टाचार और जंगल राज की आग में झोंकने वालों को सजा देने के लिए आशीर्वाद दें - पीएम मोदी

चाईबासा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को चाईबासा में चुनावी महारैली को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड को भ्रष्टाचार और जंगल राज की आग में झोंकने वालों को सजा जरूर मिलनी चाहिए. यह काम हम करेंगे और इसके लिए हमें झारखंड की जनता के आशीर्वाद की जरूरत है. पीएम मोदी ने लोगों से सिंहभूम सीट पर भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा और खूंटी सीट पर अर्जुन मुंडा की जीत के लिए वोट मांगे.



पीएम मोदी ने इंडी गठबंधन पर प्रहार करते हुए कहा कि ये लोग दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों का आरक्षण खत्म करना चाहते हैं. कांग्रेस धर्म के आधार पर इनका आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देना चाहती है, लेकिन, हम ऐसा नहीं होने देंगे. कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार ने रातों-रात फतवा जारी कर मुसलमानों को ओबीसी बना दिया और इस तरह असली ओबीसी के आरक्षण पर डाका डाल दिया. उन्होंने चुनौती के लहजे में कहा कि जब तक मोदी जिंदा है, किसी को आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों का आरक्षण नहीं छीनने देंगे. बाबा साहेब अंबेडकर का बनाया संविधान नहीं बदलने देंगे, यह मोदी की गारंटी है. प्रधानमंत्री ने झारखंड में जेएमएम के नेतृत्व वाली सरकार पर राज्य के संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि सिर्फ वोट बैंक की भूख में इस सरकार ने घुसपैठियों को छूट दे रखी है. उनकी वजह से यहां की बहू-बेटियों की इज्जत पर खतरा पैदा हो रहा है. झामुमो इस राज्य में उसी कांग्रेस की गोद में जाकर बैठ गया, जिसने अलग झारखंड राज्य का विरोध किया. मौजूदा सरकार में आदिवासियों की सरेआम हत्या हो रही है। व्यापारियों को फिरौती के लिए धमकी भरे क़ॉल आते हैं और सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है.

पीएम मोदी ने हेमंत सोरेन का नाम लिए बगैर लोगों से पूछा कि झारखंड को भ्रष्टाचार और जंगल राज में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# चौथे चरण में 96 सीटों पर 1717 उम्मीदवार चुनाव मैदान में

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 96 सीटों पर 1717 उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपना भाग्य आजमायेंगे।




निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को बताया कि इस चरण में आन्ध्र प्रदेश की 25, बिहार की 5,जम्मू कश्मीर की एक, झारखंड की 4, मध्य प्रदेश की 8, महाराष्ट्र की 11, ओडिशा की 4, तेलंगाना की 17, उत्तर प्रदेश की 13 और पश्चिम बंगाल की 8 सीटों के लिए चुनाव होगा।

नामांकन की अंतिम तारीख 25 अप्रैल तक कुल 4264 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। नामांकन पत्रों की जांच के बाद 1970 नामांकन पत्र वैध पाए गए।

तेलंगाना की 17 सीटों के लिए 525, आंध्र प्रदेश की 25 सीटों के लिए 454, महाराष्ट्र की 11 सीटों के लिए 298 और उत्तर प्रदेश की 13 सीटों के लिए 130 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। जम्मू कश्मीर की एक सीट के लिए ही 24 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं।

तेलंगाना में सभी 17 संसदीय सीटों के लिए सबसे अधिक 1488 नामांकन पत्र भरे गए। इसके बाद आंध्र प्रदेश में सभी 25 संसदीय क्षेत्रों से 1103 नामांकन फॉर्म भरे गए। तेलंगाना के संसदीय क्षेत्र 7-मलकजगिरि में सबसे अधिक 177 नामांकन पत्र दायर किये गये। वहीं तेलंगाना में ही संसदीय क्षेत्र 13-नलगोंडा और 14-भोंगीर में 114-114 नामांकन पत्र दायर किये गए। चौथे चरण में संसदीय सीटों पर चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की औसत संख्या 18 है।






# कांग्रेस भवन पहुंची राधिका खेड़ा, बोलीं- जांच चल रही, मैं भागूंगी नहीं, दूंगी जवाब

रायपुर। कांग्रेस की नेशनल मीडिया कोऑर्डिनेटर राधिका खेड़ा और प्रदेश कांग्रेस नेताओं के बीच विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। विवाद के बाद पहली बार कांग्रेस प्रदेश कार्यालय रायपुर पहुंची राधिका खेड़ा ने कहा कि मैं सबसे बात करूंगी। अभी पार्टी स्तर पर जांच चल रही है। तब तक मैं कुछ भी नहीं कहूंगी। यह नैतिक तरीका नहीं है कि मैं अभी कुछ आपसे बात करूं। जो भी प्रक्रिया चल रही है, उसके बाद मैं खुद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सारी बात आप सबके सामने रखूंगी। सारी इंक्वारी चल रही है। अपने विरोधियों पर तंज कसते हुए कहा कि मैं भी खुद रायपुर में हूं। मैं कहीं नहीं गई हूं। मैं मीडिया में किसी सवाल से भागूंगी नहीं।



उन्होंने कहा कि मैं अभी भी छत्तीसगढ़ कांग्रेस मीडिया की प्रभारी हूं। जैसे भी आगे की प्रक्रिया होगी उस संबंध में हम बात करेंगे। मैंने पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज से विवाद मामले में बात करने आई थी। मेरी उनसे बात हो गई है। चुनाव का समय है। हम काम कर रहे हैं, जैसे ही आगे बात होगी। हम सब आप सबको बताऊंगी। मैं मीडिया में किसी सवाल से भागूंगी नहीं। पत्रकारों के अन्य सवालों के जवाब पर कहा कि अभी मुझे अस्पताल जाना है। मेरी तबीयत ठीक नहीं है। प्लीज मुझे जाने दीजिए आप सब जानते हैं।

कांग्रेस के मीडिया विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन खेड़ा ने मामले में पीसीसी से 24 घंटे में रिपोर्ट मांगी थी, लेकिन रिपोर्ट भेजने की बजाय पीसीसी की तरफ से सुलह कराने की कोशिश की जा रही है। राधिका को पीसीसी कार्यालय बुलाया गया है। शुक्रवार की देर शाम राधिका अपनी मां के साथ पहली बार कांग्रेस मुख्यालय पहुंची। कांग्रेस भवन के बाहर मीडिया ने जब उनसे सवाल किया तो उन्होंने कहा कि मेरे साथ अन्याय हुआ है। मैं मानसिक रुप से परेशान हूं। थोड़ा सा समय दीजिए मैं जरुर बात करुंगी। उन्होंने कहा कि मैं अभी स्थिति ऐसी नहीं है (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# अमित शाह के फेक वीडियो मामले में दिल्ली पुलिस का एक्शन, कांग्रेस नेता अरुण रेड्डी गिरफ्तार, फर्जी वीडियो बनाने का आरोप

नई दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के फर्जी वीडियो मामले में दिल्ली पुलिस ने कांग्रेस नेता अरुण रेड्डी को गिरफ्तार किया है। अरुण रेड्डी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया सेल का नेशनल कॉर्डिनेटर है और इसकी चेयरमैन सुप्रिया श्रीनेत हैं, जिन्हें पिछले लोकसभा चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा था।

पुलिस के मुताबिक अरुण ने ही अमित शाह का फर्जी वीडियो बनवाया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल करवाया। बताया जा रहा है कि जब इस मामले में एक्शन तेज हुआ तो रेड्डी ने मोबाइल से सबूत नष्ट करने की कोशिश भी की। अब दिल्ली पुलिस ने रेड्डी का फोन जब्त कर फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है।



### आज कोर्ट में पेश किया जाएगा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया सेल का नेशनल कॉर्डिनेटर अरुण रेड्डी की गिरफ्तार दिल्ली से ही हुई है और उसे शनिवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। अमित शाह की फर्जी वीडियो मामले में दिल्ली पुलिस कोर्ट में ही अरुण रेड्डी के रोल को लेकर खुलासा करेगी और कस्टडी की भी मांग करेगी। बता दें, स्पिरिट ऑफ कांग्रेस के सोशल मीडिया अकाउंट पर एक लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। इसी अकाउंट से गृहमंत्री अमित शाह का आरक्षण को लेकर एक फर्जी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया, जिसमें भ्रम फैलाया जा रहा था कि अमित शाह ने एससी, एसटी वर्ग की आरक्षण हटाने की बात कर रहे हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# कांग्रेस में भीतरघात को लेकर सियासत तेज; नबीन बोले- महिला उत्पीड़न मामले में क्यों मौन हैं प्रियंका गांधी

रायपुर। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा और प्रदेश के स्थानीय नेता-प्रवक्ताओं के बीच विवाद को लेकर सियासत तेज हो गई है। भाजपा इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस को घेरने का प्रयास कर रही है। बीजेपी लगातार विपक्षियों पर निशाना साध रही है।

वहीं छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने प्रियंका गांधी और पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर जमकर निशाना साधा है।



प्रभारी नबीन ने विपक्षियों पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस की नेशनल मीडिया कॉर्डिनेटर राधिका खेड़ा रायपुर कांग्रेस मुख्यालय में अपमान पर फूट-फूटकर रो रही हैं। सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद कांग्रेस के महिला विरोधी चरित्र पर लोग सवाल उठा रहे हैं।

उन्होंने प्रियंका गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि हमेशा की तरह कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने चुप्पी साध रखी है। नबीन ने आरोप लगाते हुए कहा कि भूपेश के कुशासन के दौरान महिलाओं के साथ अत्याचार पर भी प्रियंका गांधी मौन रहीं थी। अब अपनी ही पार्टी में एक महिला के साथ बदसलूकी पर उनकी चुप्पी बता रही है कि महिलाओं का शोषण और अपमान कांग्रेस की परंपरा है।

इस दौरान भाजपा प्रभारी नितिन ने प्रियंका गांधी से सवाल किया है। उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी महिला उत्पीड़न के मामले में क्यों मौन रहती हैं? जब उनके पार्टी के भीतर में ही इस तरह की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

CMYK

# शिक्षकों में समाज को बदलने की क्षमता - कलेक्टर



○ शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने की दिशा में सभी दें अपना योगदान
○ सेवा भावना एवं समर्पित होकर करें अपना कार्य, विभागीय अधिकारियों एवं प्राचार्यों की ली समीक्षा बैठक

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बसंतपुर राजनांदगांव के सभागृह में ग्रीष्मकालीन प्रायोजना पर चर्चा तथा विभागीय अधिकारियों एवं प्राचार्यों की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सभी प्राचार्यों से कहा कि शिक्षक समाज में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने की दिशा में सभी अपना योगदान दें। बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं और आप सभी शिक्षक बच्चों का भविष्य गढ़ रहे हैं। शिक्षकों में ऐसी ताकत है, जो समाज को बदलने की क्षमता रखती है।

बच्चों को अच्छे संस्थानों में शिक्षा प्राप्त करने के लिए भेजने हेतु उनका चिन्हांकन करें। आईटीआई, नीट, आईआईएम, नवोदय, केन्द्रीय विद्यालय, सैनिक स्कूल, एलएलबी, खेल-कूद एवं विभिन्न क्षेत्रों में उनका कैरियर बनाने के लिए ऐसे बच्चों को चिन्हांकित कर कोचिंग देने की आवश्यकता है। इन प्रयासों से अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव जिला शैक्षणिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण जिला है। देश के प्रख्यात साहित्यकार पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी, गजानंद माधव मुक्तिबोध, डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र की कर्मभूमि रही है और यहां के विभिन्न स्कूलों में महान विभूतियों ने शिक्षा प्राप्त की है। राजनांदगांव जिले में प्रतिभा की कमी नहीं है। पढ़ाई, खेलकूद, व्यवसाय सभी क्षेत्रों में यह जिला आगे रहा है। यहां शैक्षणिक दृष्टिकोण से सभी मिलकर बहुत कुछ अच्छा कार्य कर सकते हैं।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि बच्चों को एक सकारात्मक माहौल में पढ़ाएं। अगर आप अपनी जिम्मेदारी को खुशी के साथ करेंगे, तो थकेंगे नहीं। अपने कार्य को सेवा भावना एवं समर्पण के साथ करेंगे तो आत्मसंतुष्टि मिलेगी। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के लिए यह आवश्यक है कि ऐसा माहौल होना चाहिए, जिसमें बच्चों की सफलता देखकर दूसरों को भी प्रेरणा मिले। उन्होंने कहा कि समाज ने हमें बहुत कुछ दिया है, समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करने सामूहिक चर्चा, रिविजन, ऑडियो-वीडियो के माध्यम से अवधारणा स्पष्ट करने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्कूलों में संपर्क डिवाईज के माध्यम से अध्यापन का कार्य किया जा रहा है। स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं के लिए सही तरह से मांग प्रस्तुत करें, ताकि मांग के अनुरूप बजट स्वीकृत हो सके। अधोसंरचना एवं सुविधाओं पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी को सक्रियतापूर्वक, शैक्षणिक विषय को अद्यतन करने तथा स्वयं के विकास की नई संभावनाओं की तलाश करने के लिए कहा। इस दौरान ग्रीष्मकालीन प्रायोजना, परीक्षा परिणाम, वार्षिक अकादमिक कार्ययोजना पर चर्चा की गई। साथ ही छत्तीसगढ़ पोर्टल पर शिक्षकों व कर्मचारियों की जानकारी की प्रविष्टि, विभिन्न देयकों के भुगतान व मांग, शिक्षा के अधिकार के तहत प्रवेश की कार्रवाई, लंबित पेंशन निराकरण, सहित अन्य विषयों पर विभागीय समीक्षा की गई।

जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल ने कहा कि कार्ययोजना बनाने के लिए संकुल की ओव्हनरशिप आज हस्तांतरित की गई है और सभी ने स्कूल को और बेहतर बनाने के लिए अपने सुझाव दिए हैं। जिले में एजुकेशन हब बन रहा है, इसके लिए बच्चों को चिन्हांकित करें और उन्हें यहां भेजें ताकि उन्हें आवासीय सुविधा मिल सके और वे विषय विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में आगे अच्छी पढ़ाई कर सकें। इस अवसर पर सहायक संचालक आदित्य खरे, सहायक संचालक श्रीमती बी.संगीता राव, जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहरे, जिला साक्षरता समिति श्रीमती रश्मि सिंह, एपीसी एमआर अंसारी, पीआर झाड़े, आदर्श वासनिक, केपी विश्वकर्मा, श्रीमती प्रणिता शर्मा सहित अन्य अधिकारी व प्राचार्य उपस्थित थे।

# जिला पंचायत सीईओ ने किया जिले के ग्राम पंचायतों का दौरा



**विकास कार्यों का किया निरीक्षण**

खैरागढ़ (दावा)। जिला पंचायत राजनांदगांव की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरुचि सिंह ने आज जनपद पंचायत छुईखदान अंतर्गत ग्राम पंचायत समुंदपानी, गेरुखदान, गोलरडीह क्षेत्र का दौरा किया गया।

यहाँ उन्होंने अलग-अलग योजनाओं के तहत चल रहे निर्माणधीन विकास कार्यों का डोर-टू-डोर निरीक्षण किया साथ ही हितग्राहियों से चर्चा कर उनका हालचाल जाना, सीईओ सुरूचि सिंह ने अधिकारियों से विभिन्न कार्य योजनाओं पर विस्तृत रूप से चर्चा कर जरूरी दिशा निर्देश दिये। इस दौरान परियोजना निर्देशक एवं अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल, एपीओ डीएल पौसाय, जनपद पंचायत सीईओ जेएस राजपूत सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### आज महात्मा लेखचंद साहेब जी द्वारा दिव्य सत्संग ग्राम पेंड्री में



राजनांदगांव (दावा)। जिला राजनांदगांव के सुकूलदैहान समीपस्थ ग्राम पेंडरी में आगामी दिनांक 04 मई दिन- शनिवार समय शाम 5.00 बजे से स्थान पंथ श्री हजूर अर्धनाम साहेब जी के पावन जन्म भूमि पर अध्यात्मिक दिव्य सदगुरु कबीर सत्संग भजन एवं आरती पूजा का आयोजन सामूहिक भक्तों द्वारा रखा गया है। यह कि इस पावन अवसर पर त्याग वैराग्य तपोनिष्ठ परम पूज्यनीय पंथ श्री 1008 हजूर अर्धनाम साहेब कबीर पंथाचार्य के जन्मोत्सव दिवस है।

इस उपलक्ष्य पर परम पूज्य महात्मा लेखचंद साहेब जी के पावन सानिध्य में अध्यात्मिक दिव्य सदगुरु कबीर सत्संग भजन की आयोजन रखा गया है। उक्त अवसर पर क्षेत्र समस्त भक्तों से सादर आमंत्रित किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो कर दर्शनलाभ व सत्संग भजन की श्रवण प्राप्त करें। इनके साथ ही साथ विगत माह फरवरी में अंतर्राष्ट्रीय सदगुरु कबीर सत्संग एवं मूर्ति प्रतिष्ठा का आयोजन रखा गया था जिसमें विशेष सहयोगी करने वाले भक्तों को सम्मान किया जाएगा। यह जानकारी सदगुरु कबीर आश्रम पेंड्री के अध्यक्ष फलेश कुमार साहू ने दी है।

### आज संत शिरोमणी सेन महाराज की जयंती

राजनांदगांव (दावा)। नाई समाज के आराध्य गुरूदेव संत शिरोमणी नंदा सेन महाराज की 724 वीं जयंती, दिन -रविवार को समय 9 बजे, सेन धर्मशाला सहदेव नगर, राजनांदगांव में जिला मातृशक्ति प्रकोष्ठ के नेतृत्व में जिला सेन समाज, राजनांदगांव द्वारा धार्मिक पूजा, अनुष्ठान करके मनाया जायेगा। जिला मातृशक्ति महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्षिका श्रीमती निशा श्रीवास ने कहा है कि कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 9 बज से सेन धर्मशाला में मातृशक्ति की अगुवाई में श्री सेन जी महाराज के मूर्ति का अभिषेक, पूजा, आरती तत्पश्चात पाठ और प्रसादी का कार्यक्रम किया जायेगा।

श्रीमती निशा श्रीवास ने सभी नाई भाई-बहनों को कार्यक्रम में सपरिवार अधिक से अधिक संख्या में आकर महाराज जी के आशीर्वाद और धार्मिक अनुष्ठान में सम्मलित होकर पुण्य के लाभ लेने को आमंत्रित और विनती की है। जिला सेन समाज मीडिया संयोजक इन्द्रद्वीप हीरा सेन ने आगे बताया की इसी प्रकार राजनांदगांव ब्लॉक सर्व सेन समाज द्वारा आगामी 7 मई दिन- मंगलवार को 'ब्लॉक स्तरीय सेन जयंती' रेवाडीह वार्ड क्रमांक 22 में आयोजित है। जिसकी शुरूआत सेन धर्मशाला सहदेव नगर से संस्कारधानी शहर में बाईक रैली द्वारा भ्रमण करते हुए श्री बुढ़ादेव मंदिर भवन रेवाडीह वार्ड क्रमांक 22 आयोजन स्थल पहुंचेगा। उसके बाद सेन जी महाराज की पूजा, आरती, रामायण पाठ, अतिथि स्वागत-सम्मान कार्यक्रम के साथ प्रीतिभोज प्रसादी का कार्यक्रम संपंन किया जायेगा।

कार्यक्रम की भव्यता हेतु सर्व सेन समाज ब्लॉक राजनांदगांव के अध्यक्ष अनिल कौशिक, जिला सेन समाज महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षिका श्रीमती निशा श्रीवास तथा जिला सेन समाज राजनांदगांव ने अधिक से अधिक पहुंचने की अपील की है। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी प्रेम सेन ने दिया।

# श्रीमती सीमा गुप्ता के सेवानिवृत्त होने पर दी गई भावभीनी विदाई



राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा विभाग माध्यमिक शाला सोमनी में पदस्थ उच्च श्रेणी शिक्षिका श्रीमती सीमा गुप्ता 30 अप्रैल 2024 को 29 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के पश्चात् सेवानिवृत्त हुई है। उनके विदाई में प्राचार्य श्रीमती साहू सहित सम्पूर्ण स्टाफ शाला परिवार उपस्थित थे। शाला परिवार द्वारा इस अवसर पर विदाई गीत के साथ श्रीफल शाल भेंट कर अभिनन्दन पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए।

कार्यक्रम में श्रीमती सीमा गुप्ता के परिवार के सदस्य एवं निसार अहमद पूर्व ए.डी.आई.एस, पूर्व महापौर अजित जैन, अधिवक्ता राकेश कुमार ठाकुर, चन्द्रिका प्रसाद सिन्हा पूर्व निगम सचिव विशेष रूप से उपस्थित थे।

# दवाई लेने मेडिकल जा रहे युवक से सिविल अस्पताल के पास लूट

**रास्ता रोककर पैसा मांगने व मोबाइल छीन कर भागने वाला आरोपी पकड़ाया**

खैरागढ़ (दावा)। खैरागढ़ शासकीय अस्पताल से रात के 1 बजे दवाई लेने मेडिकल जा रहे युवक को रोक कर पैसा मांगने व मोबाइल छीन कर भागने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैं। प्रार्थी योगेश देशलहरे पिता मांगीलाल देशलहरे उम्र 30 साल निवासी मुढ़ीपार थाना गातापार जंगल द्वारा अपनी पत्नि को डिलवरी के लिए शासकीय अस्पताल खैरागढ़ में भर्ती कराया गया था।

29 अप्रैल को दरमियानी रात्रि लगभग 1.00 बजे शासकीय अस्पताल खैरागढ़ से दवाई लेने मेडिकल जा रहे थे तभी दो अज्ञात व्यक्ति द्वारा प्रार्थी को बीच रास्ते में रोककर पैसे मांगने लगे पैसा नही है बोलने पर हाथ में रखे आईटेल कंपनी के मोबाईल को जबरदस्ती छीनकर भाग गये, प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना खैरागढ़ में धारा 392, 34 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया तथा मामले की गंभीरता को देखते हुये वरिष्ठ अधिकारी को अवगत कराया गया। एसपी त्रिलोक बंसल एवं एडिशनल एसपी नेहा पाण्डेय के निर्देश व एसडीओपी लालचंद मोहले के मार्गदर्शन में टीआई प्रतिभा लहरे के नेतृत्व में थाना स्टॉफ की विशेष टीम बनाकर लूट के आरोपी की पतासाजी के लिये आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरा एवं मुखबीरो से पुछताछ की गई। सीसीटीव्ही कैमरा एवं मुखबीर सूचना से पता चला की एक व्यक्ति एक टच स्क्रिन मोबाईल फोन को बाजार में काफी कम कीमत पर बिक्री के लिये ग्राहक तलाश रहा है, सूचना पर खैरागढ़ पुलिस मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया। संदेही मनीष यादव पिता अशोक यादव उम्र 24 साल निवासी वार्ड नं.6 बरेठपारा खैरागढ़ को हिरासत में लेकर थाना लाकर कड़ाई से पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किया और आरोपी मनीष यादव अपने साथी नाबालिग बालक के साथ मिलकर मोबाईल फोन छीनना स्वीकार किया।

आरोपी एवं अपचारी बालक के कब्जे से लूट के मोबाईल जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश में किया गया जहां से ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया. नाबालिग बालक को किशोर न्यायालय के आदेश पर बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है, कार्यवाही में थाना खैरागढ़ में पदस्थ सउनि. प्रकाश सोनी, आरक्षक शैलेन्द्र पटेल सिंह, शिवलाल वर्मा, मणिशंकर वर्मा, विजय कुर्रे एवं पुलिस जवानों की सराहनीय भूमिका रही है।

# रेल यात्रियों को निस्वार्थ नि:शुल्क शीतल जल वितरण सेवा पद्मश्री पुखराज बाफना द्वारा उद्घाटित



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव में प्रेरणादाई पहल संस्कारधानी राजनांदगांव के संस्कार ही है कि राजनांदगांव रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-1 में सेवा ही उद्देश्य को लेकर समर्पित संस्थाओं में मां गायत्री विद्या मंडल गायत्री परिवार, संत कंवरराम जल सेवा समिति, गौ सेवा रथ दो रोटी बाल रत्न मंच सेवा समिति, उदयाचल परिवार द्वारा संयुक्त पहल करते हुए निस्वार्थ जल सेवा के संयोजक योगेश साहू, राहुल अग्रवाल, सौरभ खंडेलवाल प्रतीक चोपड़ा, सतीश मोटलानी ने बताया कि 30 अप्रैल 2024 राजनांदगांव रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक मे निस्वार्थ निशुल्क शीतल ठंडा जल वितरण सेवा चलित प्याऊ का उद्घाटन गणपति पूजन एवं मां गायत्री पूजन मुख्य अतिथि पद्मश्री पुखराज बाफना अध्यक्षता राजेश बर्मन स्टेशन मास्टर अति विशेष अतिथि बृज किशोर सुरजन अध्यक्ष गायत्री विद्यापीठ राजनादगांव विशेष अतिथि संतोष अग्रवाल अध्यक्ष अग्रवाल सभा , मनोज जैन अध्यक्ष सकल जैन समाज , राजेंद्र बाफना अध्यक्ष उदयाचल , उपेंद्र यादव अध्यक्ष ठेठवार यादव समाज , राजेश शर्मा अध्यक्ष पूर्व सैनिक कल्याण संगठन, रघुवीर सिंह भाटिया समाजसेवी पूज्य सिंधी पंचायत के प्रतिनिधि सहित, राजकुमार शर्मा पूर्व अध्यक्ष लायंस क्लब , सतीश भट्टा अध्यक्ष संस्कार श्रद्धांजलि , विनोद रायचा समाजसेवी , लोकेश अग्रवाल सचिव अग्रवाल सभा 9 समाज अध्यक्षों की उपस्थिति एवं रेखा पदम मुख्य टिकट निरीक्षक , तरुण साहू आरपीएफ थाना प्रभारी रंजन कुमार प्रमोद कुमार यादव व अन्य जीआरपी स्टाफ की उपस्थिति में जनरल डिब्बे इंजन के पास आगे व आखिरी छोर दिव्यांगजन एवं महिला डिब्बे तक रेल यात्रियों तक पहुंच कर निशुल्क शीतल ठंडा जल वितरण सेवा चलित प्याऊ स्वयंसेवक सेवा उद्घाटित मुख्य अतिथि पद्मश्री पुखराज बाफना जी ने कहा कि आपकी संस्था सेवा ही उद्देश्य को लेकर कार्य कर रही है यह संस्कारधानी के ही संस्कार है जो आज आप लोग विगत कई वर्षो से तप्ती चिलचिलाती दोपहरी में रेल यात्रियों को जनरल डिब्बे तक पहुंच कर निशुल्क शीतल ठंडा जल उपलब्ध करा रहे हैं स्वयंसेवक के रूप में जल सेवा अनुकरणीय प्रशंसनीय पहल है आप सभी स्वयंसेवकों को बधाई बृज किशोर सुरजन ने कहा कि जल सेवा से बड़ा और कोई पुण्य नहीं ऐसी भीषण गर्मी में रेल यात्रियों को जल उपलब्ध होना अमृत के समान है।

आप स्वयंसेवकों की निस्वार्थ सेवा को नमन आयोजन को सफल बनाने में बाल रत्न मंच सेवा समिति के कर्मवीर निष्ठावान सेवक अध्यक्ष राहुल अग्रवाल सचिव सौरभ खंडेलवाल प्रचार-प्रसार प्रभारी रितेश यादव कार्यकारिणी सदस्य दिनेश अग्रवाल, पीयूष शर्मा, लोकेश अग्रवाल कैलाश गुप्ता, महेश शर्मा, मनीष यादव, रवि शर्मा, संत कंवरराम सेवा समिति सतीश मोटलानी, बसंत मोटलानी, उदयाचल परिवार के नितिन बाफना, युवा अध्यक्ष प्रतीक चोपड़ा, मयंक अग्रवाल, अक्षय रायचा, शुभम पारख, अर्पित अग्रवाल, भावेश साहू एवं अन्य स्वयंसेवकों ने रेल यात्रियों को सभी अतिथियों ने जल वितरण सेवा में स्वयंसेवक बन सहभागिता निभाई।

# अज्ञात महिला की नाले में मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस



डोंगरगढ़ (दावा)। खैरागढ़ विकासखंड के ग्राम बिजनापुर में एक नाले के नीचे युवती की सड़ी-गली लाश लावारिश हालत में मिली। डोंगरगढ़ - खैरागढ़ मुख्य मार्ग पर स्तिथ बिजनापुर के नाले से पुलिस ने अज्ञात महिला की लाश बरामद की है।

मामला डोंगरगढ़ थाना अंतर्गत मोहरा चौकी का है। मृतक महिला की शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई है। महिला सफेद रंग की टीशर्ट और नीले रंग का लोवर पहने हुए थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उसके चेहरे पर चोट के निशान भी पाए गए। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम जांच में जुट गई है। पुलिस ने कहा है कि, पूरी तरह से जांच के बाद ही मामले का पर्दाफाश होगा।

मर्ग कायम कर जांच में जुटी पुलिस दिनांक 03 मई को करीबन 09 बजे ग्राम बिजनापुर चौकी मोहारा पुलिया के नीचे अज्ञात महिला का शव संदिग्ध मृत अवस्था में पुलिस को मिला। जिसमे चौकी मोहारा में मर्ग क.-00/24 धारा-174 जा.फौ. कायम कर जांच में लिया गया। मृत महिला की उम्र करीबन 25-30 वर्ष बताई गई है। उसका रंग गेहुआ है। उंचाई लगभग 5 फिट, पहनावा सफेद रंग का टीशर्ट, डार्क नीले रंग का पेंट लोवर, बांये हाथ व दोनों पैरो में काला रंग की रेशम थागा, दाहिने हाथ की तलवे चाली उंगली में चांदी की अंगुठी जिसमे मोती का पत्थर तथा अनामिका उंगली में लोहे की रींग पहनी है।

दोनो पैरो की उंगलियों के नाखूनों में लाल रंग की नेलपॉलिश लगा है। सफेद रंग की जूती मोजरी पहनी है। मृतिका दोहरा बदन की है, काले लंबे बाल है, बालो में मेंहदी लगायी है। शव 24 घंटा पुरानी होना प्रतीत होता है। पहचान बताने की अपील पुलिस द्वारा पुलिस प्रशासन की ओर से समस्त थाना/चौकी प्रभारी एवं आम जनता से आग्रह व अनुरोध किया गया है कि, उक्त मृतिका के संबंध में कोई जानकारी हो तो चौकी मोहारा थाना डोंगरगढ़ को सूचित करें।

# खंडेलवाल कालोनी में भव्य संगीतमयी भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह 13 से



राजनांदगांव (दावा)। शहर के कमला कालेज रोड स्थित खंडेलवाल कालोनी में 13 मई सोमवार से कथावाचक पंडित अनिल तिवारी महराज (अरजकुंड वाले) के श्री मुख से श्रीमद भागवत महापुराण कथा की रसधार बहने वाली है।

उक्त आयोजन स्व. सिंधु टेंभरे के वार्षिक श्राद्ध अवसर पर श्री गोवर्धन टेंभरे द्वारा कराया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य यजमान डीएस ठाकुर व श्रीमती डॉ. अंजना ठाकुर रहेंगे। वहीं पारायणकर्ताओं में पं. अनिल तिवारी व पं. कान्हा तिवारी जी है।

बताया गया है कि श्रीमद् भागवत महापुराण आयोजन के प्रथम दिन सोमवार 13 मई को कालोनी में भव्य कलश यात्रा निकलेगी व इसी दिन महराज जी के द्वारा वेद व्यास पूजन पश्चात गौ कर्ण कथा कही जाएगी।

इसके बाद पूरे नौ दिनों तक भागवत महात्म्य से लेकर सुखदेव परीक्षित जन्म, कलियुग आरंभ सहित गंगावतरण, सती चरित्र, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, रुक्मिणी मंगल, सुदामा चरित परीक्षित मोक्ष आदि की संगीतमयी सविस्तार कथा कही जाएगी।

उक्त भागवदीय कथा आयोजन का पूण्य लाभ उठाने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुजनों को अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की गई है।

# ललित टेम्भूरकर का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। ग्राम अछोली निवासी ललित टेम्भूरकर का शुक्रवार को प्रातः 8:30 बजे हृदयघात से निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। वे संतोष टेम्भूरकर के छोटे भाई थे।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
3-5-7
145-0 468-8
राजधानी
1-4-8
168-5 156-2

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

### कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ़

**ईश्तहार**

क्रं. 1280/प्रवा.-3/अ.वि.अ./2024
राजनांदगांव दिनांक 02/05/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुषमा रोकडे पति हरीराम रोकडे निवासी शंकरपुर, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम चिखली, पटवारी हल्का नंबर 39, खसरा नंबर 450/11 रकबा 0.0120 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्कर निर्धारण किए जाने बाबत आवेदन पत्र/शपथ पत्र/खसरा बी-1/नक्शा/ऋण पुस्तिका की प्रति/पंजीयन बैनामा/नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा उक्त खसरे पर स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से **नियत तिथि 10/05/2024** तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज **दिनांक 02/05/2024** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**राजनांदगांव**

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), खैरागढ़ जिला- खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई, (छ.ग.)

**ईश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनिता बैस पति श्री जितेन्द्र सिंह बैस निवासी सनसिटी राजनांदगांव छ.ग. के द्वारा ग्राम पेन्ड्रीकला प.ह.नं.-25 रा.नि.मं. पांडादाह तहसील खैरागढ़ स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 359 रकबा 0.146 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपर्वतन कराने के लिए पेश किया है। उक्त प्रकरण में आगामी सुनवाई दिनांक 17/05/2024 को नियत किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी को दावा-आपत्ति पेश करना हो वह नियत दिनांक के पूर्व स्वयं/अपने अधिवक्ता/अपने द्वारा नियुक्त व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं, नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 02/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**खैरागढ़**

dts श्री कृष्णा (एयरकूल) में
शानदार भीड़ भरा तीसरा सप्ताह रोजाना 4 खेल
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
प्रणव झा प्रॉडक्शन कृत
बी.ए. फाईनल ईयर
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दादू साहू, अंजली चौहान, राजेश बाघमारे, जयंती मनहर आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
03rd May to 09th May 2024
Silver Screen




The Fall Guy (Hindi) - 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Pyar Ke Do Naam - 12:30, 06:00 and 09:00 pm
B A Final Year (chhattisgarhi)- 12:00 and 03:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

CMYK

# भीषण गर्मी... लू का प्रकोप... ट्रेन में बेहोश हुई महिला

राजनांदगांव (दावा)। मई माह की शुरूआत से ही भीषण गर्मी का कहर देखने को मिल रहा है। चिलचिलाती धूप व तेज गर्मी से जहां जन-जीवन पर असर पड़ रहा है, वही पशु-पक्षी में इससे प्रभावित नजर आ रहे है। समाजसेवी लोग पशु पक्षी प्यासे न हो इसलिए जगह-जगह पानी से भरे कोटना रखवाए है। वही समाज सेवी जनों द्वारा चौक चौराहो में स्टाल लगाकर आने-जाने वाले लोगों में शीतल जल, मठा, शर्बत आदि का वितरण किया जा रहा है।

बता दे कि तापमान का पारा 42 डिग्री के आस पास जा रहा है। मौसम विभाग ने गर्मी को लेकर रेड अलर्ट जारी कर दिया है। इधर भीषण गर्मी के चलते लू का प्रकोप भी शुरू हो चुका है। लोगों को चिंता होने लगी है कि गर्म हवा (हीटवेव) के चलने से कही जान का खतरा न बन जाए। लोग दोपहर में बाहर निकलने से डरने लगे है।



### ट्रेन में महिला हुई बेहोश

शहर की मोहारा क्षेत्र में रहने वाली एक महिला जो रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू ट्रेन में सफर कर रही थी। भीषण गर्मी के चलते भीड़ में अचानक चक्कर आने से वह बेहोश हो गई। महिला का नाम शीतल सारथी बताया जाता है। स्टेशन मास्टर राजेश बर्मन ने बताया कि जानकारी मिलते ही रेल्वे सुरक्षा बल प्रभारी तरूणा साहू के नेतृत्व में बल स्टाफ के साथियों ने राजनांदगांव स्टेशन में प्लेट फार्म नं. 1 के चेयर में बेहोशी हालत में लेटी महिला शीतल पति संतोष सारथी (45 वर्ष) को प्राथमिक मदद पहुंचाई और उसे त्वरित उपचार हेतु 108 बुलाकर मेडिकल कालेज हास्पिटल भिजवा दिया है।

**कही काल न बन जाए हीट वेव... डॉ. प्रकाश खूंटे ने बताए बचने के उपाय**

### गर्मी में शीतल पेय का वितरण

बता दे कि भीषण गर्मी के दौर में शहर के समाजसेवी संगठनों व गायत्री परिवार के दीया संगठन के अलावा आरपीएफ द्वारा प्लेट फार्म में रूकने वाली ट्रेनों के यात्रियों को ठंडा पानी पिलाया जा रहा है। वही शहर में भी भीषण गर्मी को देखते हुए समाज सेवी संस्था द्वारा गर्मी से जूझते लोगों को मठा, शर्बत आदि भी वितरण किया जा रहा है। एक मई को भीषण गर्मी के दिन लोहाणा महाजन बाड़ी की महिलाओं द्वारा मानव मंदिर चौक में मठा वितरण किया गया। राह चलते लोगों ने लोहाणा महिला मंडल की महिलाओं के हाथों मठा पीकर तृप्ति का अनुभव किया।

### लू से बचने की सलाह

शहर के जाने माने डाक्टर व लोगों की चिकित्सीय सेवा में अग्रणी रहने वाले डॉ. प्रकाश खूंटे ने लोगों को लू से बचने की सलाह दी है। डॉ. खूटे ने बताया कि इन दिनों आसमान से आग बरस रही है। मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ के कई जिलों के लिए लू का अलर्ट जारी कर दिया है। डॉ. खूंटे ने बताया कि गर्मी का हाल कुछ ऐसा है कि हिट स्टोक के मामले बढ़ते नजर आ रहे है। लू लगने से बांडी में डिहाईड्रेशन की परेशानी बढ़ने लगती है और बाडी में पानी की कमी होने से पानी आना बंद हो जाता है।

बाडी से गर्मी नहीं निकल पाने की स्थिति में बाडी में क्रेम्प आते है और कमजोरी बढ़ जाती है। ऐसी स्थिति में बेहोशी और चक्कर आ सकते है। डॉ. साव ने बताया कि ऐसी स्थिति में पानी का सेवन जमकर करे। खुद को हाईट्रेड रखने के लिए ठंडा शिकंजी, ओआरएस घोल, नीबू पानी, नारियल पानी जैसे तरल पदार्थ का सेवन करे। पानीदार फल खाए। बाहर निकलने से पहले नाक-कान मुंह ढाप ले व ढीले कपड़े पहने।

# अभा युवा अग्रवाल सम्मेलन के तत्वाधान में एक अनोखी पहल: बच्चों की संस्कार शाला



राजनांदगांव(दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव में अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन की ओर से एक अनोखी पहल की गई है जिसमें अपनी आगामी पीढी को संस्कार और अपनी भारतीय सम्यता का परिचय कराने बाबत एक सामुहिक कार्यक्रम दिनांक 1 मई 2024 दिन बुधवार से स्थानीय अग्रसेन भवन में आयोजित कि जा रही है जिसमें अग्रवाल समाज के बच्चों को प्रारंभिक संस्कार से लेकर सनातन धर्म की शिक्षा जिसमें मुख्य रूप से हिन्दु सभ्यता एवं संस्कृति का ज्ञान सभी उम्र के बच्चों को विषेश षिक्षा प्रणाली एवं विशेष शिक्षक के माध्यम से कराया जा रहा है। अध्यक्ष अंकुश अग्रवाल, सचिव तपन जिंदल, कोषाध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल, सदस्य निंकुज सिंघल, अर्चित अग्रवाल, अंशिता अग्रवाल, वसुधा अग्रवाल, सुरभि अग्रवाल, श्रुति अग्रवाल, विकास गोयल, निकीता अग्रवाल विशेष योगदान रहा। दिपाली ठक्कर, रूपाली गांधी अतुल अग्रवाल एवं अग्रवाल समाज के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल द्वारा विशेष रूप से बच्चों को मार्गदर्शन एवं अच्छे भविष्य के लिये प्रेरणा दी।

# जनता को बचाने अब वैक्सीन पर स्पष्टीकरण दे सरकार : कांग्रेस



राजनांदगांव(दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने भारत एवं छत्तीसगढ़ सरकार से आग्रह किया है कि कोरोना टीका कोविशील्ड के बारे में स्वयं निर्माता कंपनी के द्वारा टीका के नकारात्मक पक्ष को स्वीकार किए जाने के बाद जो बाते सामने आ रही है, जिससे देश एवं प्रदेश की जनता भययुक्त जीवन जीने विवश है। अतः ऐसी स्थिति में केंद्र व राज्य सरकार को जिनको कोविशील्ड टीका लगा है, उनके जीवनरक्षा के लिए सरकार की क्या कार्ययोजना है का स्पष्टीकरण जनता के सामने सार्वजनिक कर अपना राजधर्म निभाना चाहिए।

**सत्ता की चाह में जनहित से बेसुध तो नहीं डबल इंजन सरकार : रूपेश दुबे**

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अधिवक्ता रूपेश दुबे ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जिस कोरोना महामारी ने देश सहित पूरे विश्व को हिला कर रख दिया था और जब टीका की बनाने की बारी आई थी, तो भारत की पहचान विश्व गुरू के रुप में स्थापित की बाते हुई थी और अब वर्तमान समय में जिस प्रकार से कोरोना से बचाव के टीका कोविशील्ड के बारे में बातें सार्वजनिक हो रही हैं और यहां तक ब्रिटेन के न्यायालय में जो बातें सामने आई है जिससे आम जनता जहां भययुक्त जीवन जीने विवश है, वहीं टीके की विश्वनीयता पर भी गंभीर प्रश्न उत्पन्न हो गए हैं, क्योंकि आज तक भारत देश में जितने भी टीके प्रचलन में है, उनकी गुणवत्ता विश्वसनीय पर कभी प्रश्न चिन्ह नहीं लगी है और इस टीके पर प्रश्न लगना गंभीर प्रशासनिक एवं चिकित्सकीय मापदंडों के साथ सरकार की कार्यप्रणाली पर शंका उत्पन्न करती है, ऐसी दशा में डबल इंजन की सरकार को इस मामले पर अपना मौनव्रत तोड़कर तत्काल सार्वजनिक रूप से इस पर स्पष्टीकरण देकर जनता को भय और भ्रम से बचाने तथा दुष्प्रभाव से कैसे बचें, इसकी विस्तृत कार्ययोजना भी बता कर अपना राजधर्म निभाना चाहिए, नहीं तो यही माना जायेगा की भाजपा अपनी सत्ता की चाहत में चुनावी सभाओं में लगे रहने के कारण जनहित से बेसुध हो गई है।

# कांग्रेस के न्याय पत्र के सामने मोदी की गारंटी फेल - शाहिद भाई

राजनांदगांव (दावा)। छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई दुर्ग लोकसभा प्रत्याशी राजेन्द्र साहू के पक्ष में प्रदेश कांग्रेस से प्रभार प्रदत्त भिलाई क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क करते हुए मतदाताओं से भेंट मुलाकात कर इस चुनाव में भाजपा को उखाड़ फेंकने का आव्हान करते हुए कहा कि कांग्रेस को जीताने में ही किसानो को एमएसपी, गरीब महिलाओं को एक लाख , मनरेगा श्रमिक को चार सौ रूपए रोजी और पढ़े-लिखे बेरोजगार युवकों को सरकारी नौकरी कांग्रेस सरकार देगी यह न्याय पत्र में है। 5 न्याय 25 गारंटी के साथ कांग्रेस चुनाव में है, वही 15 लाख देने और अच्छे दिन का झांसा देने वाली भाजपा से बचें दस साल से केन्द्र में बैठी मोदी सरकार के झूठ रूपी अच्छे दिन लाने का वादा करके सत्ता पर काबिज है लेकिन दस सालों में एक भी योजना जनहित में लागू नहीं कर सके है गैस, डीजल-पेट्रोल के दाम और महंगाई के नाम पर जनता के जेब में डाका ही डाला है कांग्रेस सरकार ने गांव, गरीब, किसानों की चिंता करके योजनाएं चलाकर पांच सालों तक जनता को लाभ पहुंचाने का काम किया, लेकिन भाजपा की मोदी सरकार दस सालों से देश की जनता को लूटने का काम करती आ रही है। मंहगाई की मार से जनता परेशान हैं जन संपर्क के दौरान प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे, ब्लॉक अध्यक्ष रामा विश्वकर्मा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष समय लाल साहु, पूर्व पार्षद दुर्गा प्रसाद साहु, वार्ड प्रभारी सलीम खान, अनीता दास, रीना सिकदर, रोशन चौहान सहित कांग्रेस पदाधिकारी व जन सामान्य उपस्थित थे।

**प्रभार क्षेत्र में जनसंपर्क कर मांगा समर्थन**

# विनोद खाडेकर के प्रयास से कार्यकर्ताओं में संतुष्टि




राजनंदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव की दृष्टि से व्यापक तैयारी के साथ चुनाव मैदान में डटी हुई है और चुनाव तैयारी की दृष्टि से प्रत्येक कार्यकर्ता एवं प्रत्येक नेता लोकसभा चुनाव की तैयारी में व्यस्त है, और 400 पार के लक्ष्य को लेकर मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए सभी नेतागण जुटे हुए हैं। इसी तारतम्य में भाजपा ने राजनांदगांव के सभी नेताओं की जवाबदारी तय की है। जिसके अंतर्गत रायपुर लोकसभा की सामाजिक समरसता की जवाबदारी डोंगरगढ़ के पूर्व विधायक विनोद खांडेकर को दी गई है। जिसे बेखूबी निभाते हुए पूर्व विधायक खांडेकर ने अपने कार्य को प्रारंभ रखते हुए ऐसे कार्यकर्ताओं से मिलने का क्रम जारी रखा है, जो पूर्व में पार्टी के लिए सक्रियता से जुड़े हुए थे, ऐसे कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने के लिए उनसे संपर्क कर उनके घर जाकर अपनी बातें रखने का सिलसिला विनोद खांडेकर जी निरंतर जारी रखे हुए हैं.।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र उत्तर रायपुर के पुराने कार्यकर्ताओं से खांडेकर जी ने संपर्क किया और अंबेडकर जयंती समारोह समिति के कोषाध्यक्ष रतन डोंगरे के निवास पर सामाजिक संपर्क के अंतर्गत समाज के प्रबुद्धजनों से भेंट की। साथ ही शंकर नगर मंडल के अध्यक्ष अनूप खेलकर एवं अन्य कार्यकर्ताओं से भेंट कर मोदी जी के विजन को स्पष्ट समझाया और अपनी बात रखी। सामाजिक समरसता के कार्यक्रम से विनोद खांडेकर के कार्यकर्ताओं के घर जाकर मिलने से सभी कार्यकर्ताओं में संतुष्टि के भाव जागे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष अनूप खेलकर, नवीन जांधव, तुलसा सेलकर, तारा बोरकर, राजेश्वरी सोरठे, वर्षा सहिस, राष्ट्रपाल खेलकर, अशोक गाणार गिरजा सोरठे, जीजा बाई, आदि उपस्थित थे।

# भाजपा सरकार महिला सशक्तिकरण एवं स्वालंबन की दिशा में कार्य कर रही - गीता घासी साहू



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ में दो चरण के मतदान हो चुके हैं इसी कड़ी में तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होने हैं। जिसमें दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, जांजगीर चापा, रायगढ़, कोरबा और सरगुजा शामिल है। राजनांदगांव लोकसभा चुनाव में जनता के बीच सक्रियता से चुनाव प्रचार करते हुए राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने जनसंपर्क किया और अब दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में भी वह जनता तक पहुंच रही है और खासकर महिलाओं से संवाद कर रही है।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने दुर्ग लोकसभा ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत रिसाली मंडल के ग्राम स्टेशन मरोदा वार्ड 17, बी.आर.पी. कालोनी, मौहारी व रिसाली भिलाई महिला मोर्चा द्वारा आयोजित महतारी वंदन सम्मान समारोह में शामिल हुई। जिसमें हजारों की संख्या में लाभार्थी बहनें उपस्थित रही। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के विकास कार्यों तथा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए किया जा रहे कार्यो की जानकारी देकर बीजेपी प्रत्याशी विजय बघेल भाजपा को वोट देने की अपील की।

उन्होंने आगे कहा कि आज भारत की अर्थव्यवस्था से लेकर हर क्षेत्र में सभी समाज व वर्ग की महिलाएं अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर रही है तो वही नेतृत्व भी कर रही है महिला शक्ति समाज के सभी क्षेत्र में मौजूद है और देश के विकास के लिए अहम हैं. अगर हम कानून, शिक्षा, विज्ञान और पुलिस में भी नारी शक्ति को देखें तो हमारी बेटियां और माताएं भारत में अहम योगदान दे रही है। आज 10 वर्ष पूर्व एक समय ऐसा था जब महिलाएं चूल्हे के धुएं से अस्वस्थ हो रही थी लेकिन अब उज्ज्वला योजना से उन्हें धुए से मुक्ति मिली है, स्वक्छ भारत मिशन के तहत महिलाओ को इज्जत मिला, आवास योजना में महिलाओं को प्राथमिकता से सम्मान मिला और बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान से बेटियों को उज्जवल भविष्य की राह मिली यह तभी संभव हुआ जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा एक सशक्त और निर्णय लेने वाला नेतृत्व भारत को मिला। 2047 तक विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के संकल्प में महिलाएं की भूमिका को अग्रणी रूप से देखा जा रहा है और उन्हें प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। अध्यक्ष गीता घासी साहू ने आगे कहा कि आज हमारे छत्तीसगढ़ में भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार महिला सशक्तिकरण एवं स्वालंबन की दिशा में कार्य कर रही है. महतारी वंदन योजना से आज प्रदेश की लाखो माताओ बहनों को आर्थिक सुरक्षा मिल रही है, उनके चेहरे पर खुशी दिख रही है. एक आत्मविश्वास देखकर मैं अस्वस्थ हूं कि महिलाओं का सहयोग और प्रधानमंत्री की गारंटी के प्रति विश्वास से लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों में विजय श्री होंगे।

# 18 वर्षीय युवक की धारदार हथियार से हत्या, हत्यारे की खोज में जुटी पुलिस



**मामला छुईखदान थाना क्षेत्र के ग्राम अमलीडीह कला का**

खैरागढ़ (दावा)। 18 वर्षीय युवक की धारदार हथियार से निर्मम हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया हैं, मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम अज्ञात हत्यारे की खोजबीन में जुट गई हैं। हत्याकांड को अंजाम देने वाले अज्ञात आरोपी की तफ्तीश और गिरफ्तारी को लेकर पुलिस का दावा है कि वह शीघ्र ही इस अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझा लेंगे। जानकारी हो कि छुईखदान थाना क्षेत्र के ग्राम अमलीडीह कला में आज सुबह तकरीबन 11.30 बजे 18 वर्षीय युवक देव प्रसाद वर्मा का उसके ही घर में खून से लथ-पथ शव मिला है, युवक के शरीर पर धारदार हथियार से चोट के गंभीर निशान मिले हैं। बताया जा रहा हैं कि घटना के दिन सुबह मृतक देव प्रसाद की माता कामिनी बाई और पिता लेखराम वर्मा रोज की तरह राजमिस्त्री का काम करने छुईखदान गये थे वहीं मृतक की बड़ी बहन मधु मनरेगा में मजदूरी की हाजिरी लगाने चली गई थी और घर पर मृतक के साथ उसकी छोटी बहन माया उम्र लगभग 15 साल घर में ही नहा रही थी, इसी दरमियान किसी ने देव प्रसाद की धारदार हथियार से हत्या कर दी, मामले की जानकारी छोटी बहन ने गांव वालों को दी और हत्याकांड की सूचना मिलते ही छुईखदान पुलिस जांच करने मौके पर पहुँची और विवेचना में जुट गई। पुलिस के मुताबिक प्रथम दृष्टया कुल्हाड़ी से हत्या करने का मामला लग रहा है।

### सुबह मनरेगा में गोदी खुदाई के काम में गया था युवक, वापस लौटने के बाद हो गई हत्या

बताया जा रहा है कि मृतक का पूरा परिवार कृषि कार्य सहित रोजी मजूरी कर अपना जीवन यापन करता है, मृतक देव सहित उसकी दोनों बहने मधु और माया भी मनरेगा में गोदी खुदाई के काम में अलसुबह से ही गये थे तकरीबन 9.30 बजे वापस काम से लौटे। माता पिता भी काम करने छुईखदान चले गये थे, फिर बड़ी बहन मधु हाजिरी लगाने दोबारा मनरेगा कार्य स्थल पर गई और इस दौरान घर में मृतक देव के साथ उसकी नाबालिक बहन माया थी। युवक की हत्या करने कुल्हाड़ी सरीखे किसी धारदार हथियार का उपयोग किया गया है, युवक का शव खाट पर खून से लथ-पथ पडा हुआ था।

जांच में जुटी पुलिस पारिवारिक विवाद के साथ ही प्रेम प्रसंग के एंगल से भी तफ्तीश कर रही हैं। घर पर मौजूद मृतक की छोटी बहन माया सहित कुछ संदेहियों से पूछताछ चल रही है, इस बीच पुलिस का दावा है कि जल्द ही इस अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझा लिया जाएगा। मृतक छात्र देवप्रसाद वर्मा ने इसी साल बारहवीं कक्षा की परीक्षा दिलाई थी, बहरहाल युवक की निर्मम हत्या से पूरे गांव में दहशत का माहौल है।

> हत्या की जानकारी के बाद पुलिस अलग-अलग एंगल से जांच विवेचना में जुटी हुई है, उम्मीद हैं कि हम जल्द ही हत्याकांड के आरोपी तक पहुंच जाएंगे।
>
> **शिवशंकर गेंदले, टीआई छुईखदान**

# जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग ने बीमा कंपनी को 30 लाख रु. देने दिया फैसला

राजनांदगांव (दावा)। परिवादी दमन मनदीप रोडलाइंस राजनांदगांव का वाहन ट्रक सीजी-08/एएच 9111 का बीमा नेशनल इंश्योरेंस कंपनी के माध्यम से कराया था उक्त वाहन दिनांक 10/6/2019 को तेंदूपत्ता भरकर अहेरी महाराष्ट्र पहुंची थी वहां पर आग लगने से पूरी तरह जल कर नष्ट हो गई।

वाहन स्वामी द्वारा बीमा कंपनी को सूचित कर आईडीवी वेल्यु 30,40,000 के आधार पर क्षतिपूर्ति की मांग की गई। बीमा कंपनी द्वारा क्षतिपूर्ति राशि नहीं दिये जाने पर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग राजनांदगांव में परिवादी के द्वारा अपने अधिवक्ता गजेंद्र बख्शी के माध्यम से परिवाद प्रस्तुत किया गया।

प्रकरण विचारण पश्चात आयोग के अध्यक्ष योगेश चंद्र गुप्त एवं सदस्य डॉक्टर आनंद वर्गीस के द्वारा दिनांक 2 मई 2024 को आदेश पारित करते हुए अनावेदक बीमा कंपनी को क्षतिपूर्ति राशि 29,65000 रु. एवं 10/6/2021 से 6 प्रतिशत की दर से ब्याज परिवादी वाहन स्वामी को अनावेदक नेशनल इंश्योरेंस कंपनी के द्वारा भुगतान करने का आदेश पारित किया है। उक्त राशि आदेश दिनांक से 60 दिवस के भीतर नहीं किए जाने परिवाद प्रस्तुति दिनांक से 9 प्रतिशत की दर से ब्याज देय होगा। परिवादी की ओर से अधिवक्ता गजेंद्र बख्शी ने पैरवी किया।

# कलेक्टर ने ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बच्चों के सर्वागीण विकास के लिए अभिभावकों को दिए आवश्यक सुझाव

- अभिभावक बच्चों के साथ प्रतिदिन एक समय का भोजन अवश्य करें, जिससे बच्चों में परिवार के प्रति प्रेमभाव व लगाव तथा सामूहिकता की भावना हो विकसित
- अभिभावक एवं बच्चे प्रतिदिन एक घंटा मोबाईल से दूर रहकर करें आपसी चर्चा
- बच्चों को बड़े बुजुर्ग, दादा-दादी, नाना-नानी के साथ अधिक से अधिक समय बिताने का अवसर प्रदान करें



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान प्रयोजना कार्य से घर पर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावकों एवं परिवारजनों को आवश्यक सुझाव दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 की समाप्ति के बाद आगामी 45 दिन अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा। इन अवकाश के दिनों में बच्चे अभिभावकों एवं परिवारजनों के साथ ही रहेंगे और अवकाश में बच्चों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से प्रायोजना कार्य करवाया जाएगा। जिसके लिए परिवारजनों की सक्रिय सहभागिता की आवश्यकता है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए दिए गए आवश्यक सुझावों पर अभिभावकों एवं परिवारजनों से सहयोग की अपेक्षा की गई है। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों में परिवार के प्रति प्रेमभाव व लगाव तथा सामूहिकता की भावना विकसित कने के लिए अभिभावक बच्चों के साथ प्रतिदिन एक समय का भोजन अवश्य करें। निवास स्थान के निकटवर्ती प्राकृतिक स्थानों एवं प्राकृतिक संसाधनों से भी बच्चों को अवगत कराएं। जिससे बच्चे प्रकृति के अधिक निकट हो सकें और उनका सांसारिक विकास भी हो सके। अभिभावक एवं बच्चे प्रतिदिन एक घंटा मोबाईल से दूर रहकर आपसी चर्चा, उनके द्वारा किए जाने वाले कार्य और उसमें आने वाली चुनौतियों और जीवन के हर क्षेत्र में सफलता कैसे अर्जित करें, इस पर अपने जीवन के अच्छे अनुभव बच्चों से साझा करें। बच्चों को बड़े बुजुर्ग, दादा-दादी, नाना-नानी के साथ अधिक से अधिक समय बिताने का अवसर प्रदान करें। जिससे बच्चे अपने बड़ों के जीवन के अनुभव से अच्छे सार ग्रहण कर सकें। अपने आस-पास एवं जिले के सफल व अच्छे व्यक्तित्व के लोगों की जीवनी से बच्चों को अवगत कराएं। अभिभावक अपने बच्चों से मित्रता स्थापित करने का प्रयास करें और उनकी पसंद उनकी कमजोरियों, उनके भय को पहचानने का प्रयास करें और उसका अपने स्तर पर निदान करने का प्रयास करें। स्थानीय स्तर पर स्थानीय गीत, संगीत, कला से बच्चों को जोड़ने का प्रयास करें। प्रतिदिन कुछ समय खेलकूद, योग व ध्यान में देना बेहतर है। कलेक्टर ने कहा कि जिला शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों को ग्रीष्मकालीन प्रायोजना कार्य उपलब्ध कराया जा रहा हैं। जिसमें अभिभावकों की सहभागिता बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होगी। सुझावों का मुख्य उद्देश्य आगामी पीढ़ी का शैक्षणिक विकास के साथ-साथ उनका सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास भी करना है। जिससे बच्चे मानसिक रूप से स्वयं को अधिक मजबूत बना सके एवं समाज में अपनी अधिक सकारात्मक भूमिका का निवर्हन कर सकें।

# सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिजनों एवं घायल व्यक्तियों को 10 लाख रूपए की सहायता अनुदान राशि का पुनर्बंटन

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिजनों एवं गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों के लिए 10 लाख रूपए की सहायता अनुदान राशि का आबंटन किया है। कलेक्टर ने सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति के परिजनों को 25 हजार रूपए एवं गंभीर रूप से घायल होने पर 10 हजार रूपए की आर्थिक सहायता के लिए अनुविभागीय अधिकारियों को 10 लाख रूपए प्रत्यायोजित किया है। इसके अंतर्गत राजनांदगांव तहसील अंतर्गत 3 लाख 50 हजार रूपए, डोंगरगांव तहसील अंतर्गत 2 लाख रूपए, छुरिया तहसील अंतर्गत 2 लाख 50 हजार रूपए एवं डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत 2 लाख रूपए का आबंटन पुनर्बंटित किया गया है।

# सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र में शो पीस बनी हैं हैंड सैनिटाइडर मशीन

गंडई पंडरिया (दावा)। कोरोना की महामारी व कोरोना का डर तो चला गया लेकिन सरकारी कार्यालयों संहित सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र में लगी हजारों रुपये की हैंड सैनिटाइजर मशीन दम तोड़ रही है। अधिकारियों की अनदेखी का दंश झेल रही है। कुछ कार्यालयो मे बंद पड़ी है तो कही खराब पड़ी है बस इतना ही नहीं बल्कि कई जगह तो मशीने ही गायब हो चुकी है। कुछ में तो लिक्विड ही नहीं डाला जा रहा है। सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र मे तो मशीन बंद अवस्था में पड़ी है उसमे लिक्विड भी नहीं डाला जा रहा है। वही अधिकारियों मे भी इनके प्रति सतर्कता नहीं देखी जा रही है। जिसके चलते मरीजों को ख़ासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।




करीब दो-तीन साल पहले सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र के भीतर मुख्य द्वार के पास जनता, अधिकारी और कर्मचारियों को हाथ सैनिटाइज करने के लिए हैंड सैनिटाइजर डिस्पेजर मशीन लगाई गई थी। सभी को हाथ सैनिटाइज कर अंदर जाना था। फिर भी सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र की मशीन काफी दिनों से बंद पड़ी है। जिसको लेकर मरीजों में काफी रोष देखने को मिल रहा है। मरीजों ने हैंड सैनेटाइजर डिस्पेजर मशीन को चालू करने की मांग की है।

### अन्य कार्यालयों से भी गायब है सैनेटाइजर डिस्पेजर मशीन

एसडीएम कार्यालय, नगर पंचायत, पुलिस थाना, विश्राम गृह, वन विभाग से भी सैनेटाइजर गायब है और जहां लगी है आहन मशीन भी सही तरीके से काम नहीं कर रही है। किसी में तरल सैनिटाइजर की कमी है तो कोई खराब पड़ी है। नगर पंचायत मे तो मशीन ही गायब दिखी। कर्मचारी सहित जनता बगैर हाथ सैनिटाइज किए अंदर जाते और काम करते हैं। अधिकारी इसे चालू करवाने की जहमत नहीं उठा रहे हैं। लाखों की खर्च से लगाए कार्यालयो मे मशीन शोपीस बनी है।

सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र मे लगे हैंड सेनेटाइजर मशीन का सेंसर खराब हो गया है। मशीन ठीक है परंतु सेंसर काम नहीं कर रहा है। अपने स्तर पर बनवाने की कोशिश किए पर सेंसर नहीं मिल रहा। जल्द ही ठीक करवाया जाएगा।
**डॉ. प्रशांत सोनी,**
**सहायक चिकित्सा प्रभारी**

## बीएसएफ जवानों की बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, 21 जवान घायल

रायगढ़। जिले की धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह बीएसएफ जवानों से भरी बस पेड से टकरा जाने की घटना में जहां 17 जवान घायल हुए हैं वहीं 13 जवानों को मामूली खरोंच आई है। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान आगामी 7 मई को होना है। जिसके तहत पूरे जिले में शांति पूर्ण ढंग से मतदान कराने की तैयारियां की जा रही हैं इसी बीच रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ विधानसभा के अंतर्गत आने वाले छुही पहाड से मतदान का निरीक्षण कर लौट रहे बीएसएफ जवानों की बस शुक्रवार की सुबह करीब 11 बजे चाल्हा गांव के समीप कमोसिन डाण्ड के पास अनियंत्रित होकर पेड से टकरा गई। जिस वक्त यह घटना घटित हुई उस वक्त बस में करीब 32 जवान सवार थे जिसमें से 17 जवानों को चोटें आई हैं। 13 जवानों को खरोंच और मामूली चोट आई है। जिनका उपचार सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में चल रहा है।

# शाला प्राचार्य ने किया आचार संहिता का खुला उल्लंघन



खुज्जी (दावा)। बालोद जिला में लोकसभा चुनाव का दूसरा चरण संपन्न हो चुका है। इसी बीच लोकसभा चुनाव 2024 की अधिसूचना जारी होते ही चुनाव आयोग का मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट यानी आदर्श आचार संहिता लागू हो गया है. जिसके चलते पूरे देश में अभियान चलाकर राजनीतिक दलों के होर्डिंग, बैनर, पोस्टर भी उतारे दिए गए है। यही नहीं, सरकारी योजनाओं के होर्डिंग भी उतार दिए गए है और तो और छत्तीसगढ़ में गरीबों को दी जाने वाली निःशुल्क खाद्यान्न सामग्री में मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री का फोटो लगे होने के चलते भी उनके ऊपर कवर लगाकर खाद्यान्न वितरण किया गया। किंतु बालोद जिले के देवरी ब्लॉक के हाईस्कूल का प्राचार्य को इन आचार संहिता से कोई लेना-देना नहीं है इनके द्वारा खुला उल्लंघन किया गया। इनके द्वारा बकायदा स्कूल में फंक्शन करवाकर पालकों में कुछ जनप्रतिनिधियों को बुलाकर कार्यक्रम करवाया गया।

मिली जानकारी के अनुसार है आचार संहिता के दौरान शास. उच्च. मा. विद्यालय पिनकापार के प्रभारी प्राचार्य हीरुराम वर्मा व्याख्याता (एल.बी.) द्वारा ग्राम के राजनीतिक पृष्ठभूमि से जुड़े लोगों को 6 अप्रेल 9वी एवं 11वी के परीक्षा परिणाम दिवस और 14 अप्रेल को इंटर्नशिप राशि एवं प्रमाणपत्र वितरण के लिए आमंत्रित किया गया। जिसमें आचार संहिता के नियमों का खुला उल्लंघन किया गया और राजनीतिक से जुड़े लोगों से बच्चों को प्रमाण पत्र एवं इंटर्नशिप की राशि बंटवाई गई और मंच के माध्यम से संबोधन भी करवाया गया। विडियो में साफ दिख रहा है कि जिसमे कॉंग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष देवरी, महामंत्री और सरपंच साथ में बैठे हुए है अब देखना होगा कि जिला प्रशासन इन लोगों पर किस तरह की कार्रवाई करते हैं या सिर्फ छोटे वर्गों को ही परेशान किया जाता है। इस संबंध में हमारे संवाददाता ने प्राचार्य से फोन से जानकारी चाही तो उन्होंने कोई जनप्रतिनिधि नहीं होना बताया उनके द्वारा कहा गया कि सिर्फ पालक लोग आए।

# पहला कॉलम...

## सांसद प्रतिनिधि मोंटी का वृद्धाश्रम में मनाया गया जन्मदिन, लिया बुजुर्गो का आशीर्वाद



डोंगरगढ़ (दावा)। सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी का भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बछेराभाठा (डोंगरगढ़) स्थित जीवन आनन्द वृद्धाआश्रम में समाज और परिवार से उपेक्षित बुजुर्गों के साथ जन्मदिन मनाया। एवम उनका आशीर्वाद प्राप्त भी किया। इस अवसर पर उनके साथ विजेंद्र सिंह ठाकुर, ज्योति बड़वाईक, प्रिंस कक्कड़, अखिलेश गडेवाल, मीना यादव, सुमित मिश्रा, गीता मानिकपुरी, रामकुमार डडसेना, अजय शर्मा, सुरेश मरकाम, मयंक डोंगरे, शुभम परिहार, ऋषभ डकहा, रमेश यादव, ठगिया मानिकपुरी, अनिल यादव, रिया साहू, पल्लव अग्रवाल, हिरोन्दी बाई निषाद, शारदा निषाद, नीलम यादव, गायत्री निषाद, सुशीला साहू, रेणुका सिरसाम, छाया सिरसाम, धर्मेंद्र पटेल, कपिल लारिया, जानकी साहू, मंगतीन बाई यादव, दुर्गी यादव, तरूण यादव, मंजू धनकर, गंगा यादव आदि कार्यकर्ता भी सम्मिलित हुए।

## तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आया मोटरसाइकिल सवार युवक, मौत

बालोद (दावा)। तेज रफ्तार हाइवा ने शुक्रवार की शाम एक और युवक की जान ले ली। रेत से भरे हाइवा की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। उसने हेलमेट नहीं पहना था। उसकी पहचान लखन सिन्हा के तौर पर हुई। लखन की मौत के बाद उसके घर में दो महिला व दो अबोध बच्चे ही बचे हैं।

जल संसाधन विभाग बालोद डिवीजन में पदस्थ लखन सिन्हा पिता दयालुराम सिन्हा 32 साल की ग्राम तार्री के पास सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना शुक्रवार शाम 5 बजे की है। मृतक बालोद में ड्यूटी कर वापस घर गुरुर आ रहा था। युवक मोटरसाइकिल में था। ग्राम तार्री के पास सामने से आ रहे तेज रफ़्तार हाइवा क्रमांक सीजी-08/एएस 8230 ने उसे अपनी चपेट में ले लिया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

### पिता की मौत के बाद मिली थी अनुकंपा नियुक्ति

मृतक लखन सिन्हा को उसके पिता की मौत के बाद अनुकंपा नियुक्ति एक साल पूर्व ही मिली थी। लखन की मौत के बाद घर में उसकी मां एवं पत्नी व उसके 4 व 2 साल के बच्चे ही बचे हैं। परिवार के लिए सबसे दुखद ये हैं कि मृतक के के बड़े भाई की मौत भी सड़क दुर्घटना से वर्षों पूर्व हुई थी। लखन सिन्हा दो भाई थे। दोनों की मौत से उसके परिवार में अब एक भी पुरुष सदस्य नहीं बचा है। लखन सिन्हा की मौत के बाद परिजन नगर में संचालित वन विभाग के डिपो में शवदाह के लिए लकड़ी खरीदने पहुंचे, लेकिन डिपो में लकड़ी ही नहीं थी, वार्ड पार्षद चिंताराम साहू ने डिपो में लकड़ी नहीं रहने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल लकड़ी की व्यवस्था करने वन विभाग से मांग की।

## राइट गुरुकुल अर्जुनी का परीक्षा परिणाम घोषित

अर्जुनी (दावा)। डोंगरगांव में संचालित संस्था की शाखा अर्जुनी इंग्लिश मिडियम का भी परीक्षा परिणाम की घोषणा विगत दिन किया गया जिसमें कक्षा नर्सरी में भव्य देवांगन 94 प्रतिशत प्रथम, भुआंश देवांगन 93 प्रतिशत द्वितीय, ट्विंकल साहू 91 प्रतिशत तृतीय। केजी 1 में हितांशी साहू 97 प्रतिशत प्रथम, रुद्राक्षी साहू 96.5 प्रतिशत द्वितीय, भावेश गोंड 96.3 प्रतिशत तृतीय। केजी 2 से भाविका राजपूत एवं वाणी ठाकुर 99 प्रतिशत प्रथम, अरमान साहू एवं विनायक साहू 97 प्रतिशत द्वितीय, हंसिका, गुंजिका, हार्दिक देवांगन 96 प्रतिशत तृतीय। कक्षा 1 से चहक एवं अभिषेक साहू 98.5 प्रतिशत प्रथम, पूर्वी करश्याल 97.5 प्रतिशत द्वितीय, योगांशी साहू 95 प्रतिशत तृतीय। कक्षा 2 से छाया 98.5% प्रथम, नाम्या एवं अनुष्का सिंह 97.5 प्रतिशत द्वितीय, वेणु साहू 95.5% तृतीय। कक्षा 3 से छायांश साहू 94.6 प्रतिशत प्रथम, तुषांत साहू 93.6 प्रतिशत द्वितीय, दीक्षा साहू 91.3 प्रतिशत तृतीय। कक्षा 4 से हुमेश बंधे 95.6 प्रतिशत प्रथम, गीतांश साहू 95 प्रतिशत द्वितीय, शैलेंद्र निषाद 93.6 प्रतिशत तृतीय। कक्षा 5 से देविका साहू 93 प्रतिशत प्रथम, दक्ष निषाद 91 प्रतिशत द्वितीय, दीपिका वैष्णव 89 प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त किए। सभी विद्यार्थियों को डोंगरगांव के प्राचार्य लोकेश्वर साहू, शिक्षक सुमीत साहू एवं संस्था के प्रधान पाठिका मंजू साहू, शिक्षिका सरोज धनपाल, करिश्मा साहू सभी ने बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किए।

# हम समाज को जोड़ने पर विश्वास रखते हैं - कोरेटी



छुरिया (दावा)। गत दिनों छुरिया विकास खंड के वनांचल ग्राम जोब में महुआ पेड़ के नीचे आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज ब्लाक इकाई छुरिया-डोंगरगढ़ का समीक्षा बैठक अध्यक्ष दिनेश कोरेटी दिलेर के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सभा में उपस्थित सगाजनों को संबोधित कर श्री कोरेटी ने कहा कि हम अपने समाज को सामाजिक एवं सांस्कृतिक रूप से आपस में जोड़ने पर विश्वास रखते हैं। बैठक का शुभारंभ शंभूशेक के सेवा अर्जी के साथ हुआ पश्चात समाज प्रमुखों एवं उपस्थित जनसमुदाय का सफेद चांवल का टीका लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाज प्रमुख दिनेश कोरेटी दिलेर ने कहा कि हम अपने समाज को सामाजिक एवं सांस्कृतिक रूप से जोड़ने पर विश्वास रखते हैं। हमारे समाज के समस्त आम जनता एवं समस्त समाज प्रमुखगण सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकता को बनाये रखने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। हमने अपने नये कार्यकाल में दो नये सर्कल को जोड़कर, नया सामाजिक भवन निर्माण कराकर, सामाजिक कोष निर्माणकर एवं युवा महोत्सव जैसे ऐतिहासिक कार्यक्रम को प्रभावशाली ढंग से सफलतापूर्वक आयोजित कर समाजिक एवं सांस्कृतिक एकता को पहले से ज्यादा शक्तिशाली बनाया तथा सामाजिक लोगों को संगठन में कितनी शक्ति होती है। इस बात का एहसास कराया। दो दिवसीय युवा महोत्सव के सफल आयोजन से छुरिया-डोंगरगढ़ ब्लाक के सामाजिक लोगों को एक मंच पर आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। विलुप्त होने के कागार पर पहुंच चुकी हुल्की, रेला एवं मांदर नृत्य को नये सिरे से सजाने व संवारने का करने का अवसर मिला। समाजिक युवा-युवतियों के साथ-साथ समाज के सभी वर्गों में एक नया जोश, जुनुन, जज्बा, उमंग, उत्साह एवं सामाजिक-सांस्कृतिक जन क्रांति का संचार हुआ है।यह कार्यक्रम हमेशा-हमेशा के लिए यादगार बना रहेगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महासभा से लेकर ग्राम स्तर तक के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों का खास योगदान रहा। कार्यक्रम में कुछ कमियां भी रही जिसे आगामी कार्यक्रम में दूर करने का प्रयास करेंगे। ब्लाक सचिव समन लाल उइके ने दो दिवसीय युवा महोत्सव एवं साल-भर में हुई आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। आय-व्यय से रूबरू होकर आय-व्यय का अनुमोदन किया गया। संगठन मंत्री एवं जनपद सदस्य कन्हैया कोले, कोषाध्यक्ष श्यामदास मंडावी, प्रवक्ता कन्हैया केराम, शंकर मंडावी एवं धनसिंग कोले ने अपना विचार व्यक्त कर कार्यक्रम के सफल आयोजन पर समाज प्रमुखों को धन्यवाद एवं सेवा जोहार अर्पित किया। बैठक का संचालन समन लाल उइके एवं आभार प्रदर्शन रामाधार कोड़ापे ने किया। इस अवसर पर समाज प्रमुखगण दिलीप कोरेटी, पंचराम कोमरे, घनश्याम कोर्राम, इंदरसाय ध्रुर्वे, गिरधारी गोटे, संतलाल उइके, दुखूराम हुर्रे, नंदू टेकाम, उदयसिंह कोमरे, संजय कड़ियाम, एवन आचले, गणपत कोले, राहुल कुंजाम, बानो बाई कोर्राम, अशोक कुमार सलामें, फूलसिंह तारम, मानसिंग आचले, रहिपाल कल्लो, भावना कोरेटी, प्रेमजीत कोरेटी आदि सहित छुरिया-डोंगरगढ़ ब्लाक के सैकड़ों सामाजिक लोग उपस्थित थे।

# देश को 60 साल तक लूटने वाले लोग संविधान और आरक्षण की बात न करें - विक्रांत सिंह



खैरागढ़ (दावा)। प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य, जिला पंचायत उपाध्यक्ष व खैरागढ़ विधानसभा के शैडो विधायक विक्रांत सिंह ने कहा है कि देश को 60 वर्षों तक लूटने वाली पार्टी के लोग संविधान बदलने और आरक्षण की बात न करें। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सक्तीन में आयोजित सभा में ही स्पष्ट कर दिया है,कि देश का संविधान नहीं बदल सकता। इसके बाद भी कांग्रेसी जनता के बीच भ्रम ही फैलाने का काम कर रहे हैं। लोगों की पैत्रिक संपत्ति और मंगलसूत्र पर नजर रखने वाले कांग्रेसियों को जनता पहचान चुकी है, अब उनकी दाल नहीं गलने वाली, जनता उन्हें देश में 400 से अधिक और छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर हैसियत दिखाएगी। विक्रांत सिंह ने कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज प्रधानमंत्री और भाजपा नेताओं पर आरोप लगाया है कि उनका उद्देश्य है, संविधान बदल कर देश का लोकतंत्र तबाह कर देना है। दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का आरक्षण छीन कर देश चलाने में उनकी भागीदारी खत्म करना। कांग्रेस अध्यक्ष का यह बयान हास्यास्पद है। भाजपा ही वह पार्टी है, जो संविधान और आरक्षण की रक्षा के लिए चट्टान की तरह कांग्रेस की राह में खड़ी है।। जब तक भाजपा है वंचितों से उनका आरक्षण दुनिया की कोई ताकत नहीं छीन सकती।

# सुरगी सिंघोला परिक्षेत्र सर्व सेन समाज के निर्मल अध्यक्ष व प्रेमलाल सचिव बने



**अशोक कौशिक कोषाध्यक्ष बने**

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव के अंतर्गत सुरगी सिंघोला परिक्षेत्र की आवश्यक बैठक ग्राम मोखला में समस्त सामाजिक बंधु द्वारा सर्वसम्मति से अध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष का चारों पदों का चुनाव किया गया, जिसमें अध्यक्ष निर्मल सेन ग्राम- पार्री, उपाध्यक्ष अनिरूद्ध कौशिक ग्राम-बूचीभरदा, सचिव प्रेमलाल सेन ग्राम- उसरीबोड़, कोषाध्यक्ष अशोक सेन उसरीबोड़ एवम क्षेत्रीय प्रभारी जगदेव श्रीवास ग्राम- बेलटिकरी, संगठन प्रभारी विनोद श्रीवास सुरगी एवं छबिलाल सेन ग्राम मोखला को बनाया गया।

संयोजक शेषनारायण जंगलेशर, मुख्य सहलाहकार खोमलाल कौशिक जंगलेशर, नोहरलाल कौशिक भोथीपार नया, केशव सेन संबलपुर, संरक्षक मंडल नीलम कौशिक, दुर्बासा कौशिक, रामकुमार सेन, दिलीप श्रीवास, गौतम सेन, रोहित सेन, कृष्णा कौशिक, गोंविद सेन, कोमल लाल सेन, सहसचिव चुन्नीलाल श्रीवास मोहड़ को नियुक्त किया गया है।

जिसमें चुनाव संपंन कराने में राजनांदगांव जिला- सेन समाज जिला- सचिव लोकेश कुमार सेन द्वारा संपन्न किया गया है। जिसमें किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति नही बनी यह चुनाव सर्वसम्मति से आयोजित किया गया एवं जिला सेन समाज के अध्यक्ष शेषनारायण सांडिल्य के द्वारा एवं सेलून के सभी पदाधिकारियों के द्वारा क्षेत्रिय पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई दिया गया।

# कुमर्दा तहसील में भानेश्वरी जयंती की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न

**राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश साहू संघ एवं जिला साहू संघ राजनांदगांव द्वारा सयुक्त रूप से आयोजित भानेश्वरी जयंती महोत्सव की तैयारी में तहसील साहु संघ कुमारदा में बैठक 02 मई को आयोजित किया गया।**



मनोनित तहसील अध्यक्ष मिलाप साहू की अध्यक्षता जिला महामंत्री नीलमनी साहू मदन साहू जिला उपाध्यक्ष जीवन साव सलाहकार महेश्वर साहु धनराज साहू सचिव डोंगरगांव गिरधारी साहू दयाल साहू, भुवन साहू द्वारिका प्रसाद ईश्वर साहू भवभूति साहूचुन्नी लाल साहू लक्ष्मी साहू घनश्यम साहू सांवल दास चंद्रभान साहू, फकीर राम श्रीमती सविता साहू, रुकमणी साहू, श्रीमती हेमिन साहू, कमलेश्वरी साहू, कृष्णा साहू, आत्मा रामचतुर राम, मिताराम, दीपक साहू, रतन लाल, डामनदास, लीलाराम, देवलाल, राजकुमार साहू, शत्रुघन लाल, इजेराम, प्रेमलाल, पूरन लाल, पंचराम, मानिक लाल, दिनेश कुमार साहू, कंवल राम, डॉ. आशा राम, यामन लाल, धनीराम भगवान दास, केशव राम, त्रिलोकी राम, विक्रम दास, रेवाराम राकेश कुमार साहू छबील राम तुलसी राम दिविजेंद्र साहू, फकीर राम, गुलाब साहू के साथ समस्त परिक्षेत्र ग्राम के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे सभी ने एक स्वर में तहसील अध्यक्ष मिलाप साहू का ताली बजाकर गुलाल के साथ स्वागत कर साथ में कार्य करने सहयोग प्रदान की बात कह कर आगामी भानेश्वरी जयंती सिघोला हेतु चावल राशि शीघ्र जमाकर कार्यक्रम में उपस्थिति हेतु प्रस्ताव किया एवं जिला साहू संघ कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा संचालित निःशुल्क कोचिंग की सराहना कर विधार्थीयों के लिए बेहतर संभावना वाला कार्य कहा। उक्त जानकारी जिला साहू संघ न्याय प्रकोष्ठ सह संयोजक ईश्वर साहू ने दी है।

# राजा खुज्जी का मशहूर लंगड़ा आम

**खुज्जी का आम पककर हुआ तैयार बहुत ही जल्द लोग ले सकेंगे इसका जायका**



खुज्जी (दावा)। जिले के डोंगरगांव ब्लॉक का आश्रित ग्राम, शिवनाथ नदी के तट पर बसा खुज्जी देश में आजादी के पहले से ही चर्चित रहा है। अंग्रेजों के जमाने में खुज्जी एक जमींदारी हुआ करती थी। खास बात यह है कि छत्तीसगढ़ राज्य में यह एकमात्र मुस्लिम जमींदारी थी। तत्कालीन समय में खुज्जी के नवाबों के पास लगभग 32 ग्राम थे, जहां से ये कर वसूला करते थे और प्रशासन चलाने में सहयोग प्रदान किया करते थे। खुज्जी गांव के निवासी धनंजय गोस्वामी ने अखबार प्रतिनिधि को बताया कि छत्तीसगढ़ के सबसे छोटी जमींदारी, खुज्जी जमींदारी के एक प्रकृति प्रेमी नवाब मोहिनुद्दीन ने खुज्जी जमींदारी के खाली जमीनों पर अमरूद और आम के बगीचे लगवाए। इन्हीं में से शिवनाथ नदी के किनारे बना लंगड़ा आम का बगीचा। बताया की है कि पहले दो हजार के आसपास आम के पेड़ थे। वर्तमान में चार सौ करीब लंगड़े आम के पेड़ बच गए हैं। आज भी बड़ी दूर से इन पेड़ों पर लगे आम के बौर और फले आम को नदी के इस किनारे से बखूबी देखा जा सकता है, जबकि शिवनाथ नदी की चौड़ाई कुछ ज्यादा ही है।

देश भर में आम की 1500 किस्में होती हैं। इन्हीं में से एक बनारसी लंगड़ा आम है। नाम से ही स्पष्ट है कि बनारसी लंगड़ा आम की उत्पत्ति आज से 250 से 300 वर्ष पूर्व बनारस के एक शिव मंदिर से हुई है। किंवदंती है कि एक संत जो काशी गए थे, अपने साथ एक विशेष आम का बीज ले गए और उसे उस शिव मंदिर में लगाया जहां वे निवास कर रहे थे। पौधा तेजी से बड़ा हुआ और सबसे मीठे आम पैदा करने लगा। चूंकि मंदिर का पुजारी दिव्यांग था, इसलिए लोगों ने उस रसीले आम को लंगड़ा आम कहने लगे। जाते समय उस संत ने उस मंदिर के पुजारी को कहा कि किसी भी व्यक्ति को आम का बीज न दे। पुजारी ऐसा ही करता रहा। लेकिन काशी नरेश ने जोर दिया तो उस मंदिर के पुजारी ने एक बीज काशी नरेश को महल में लगाने के लिए दे दिया। उसके बाद से यह लंगड़ा आम देश भर में फैला और वहीं से यह प्रजाति खुज्जी जमींदारी में आयी।

आज लंगड़ा आम उत्तर प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, बिहार, राजस्थान, गुजरात, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में भी पैदा होता है। लंगड़ा आम खाने के लिए सामान्यतः मई से अगस्त तक उपलब्ध होता है। इसका आकार मध्यम से बड़े तक होता है। गुदा रेशा रहित, पीले-भूरे रंग का और पकने पर तेज गंध वाला होता है। अन्य किस्म के आमों की तुलना में यह मीठा और मुलायम होता है। बीज का आकार छोटा एवं अंडाकार होता है। यह आम पकने पर भी अपना हरा रंग बनाए रखता है, जबकि दूसरे आम पीले हो जाते हैं। लंगड़ा आम की ऊपरी परत काफी पतली होती है और इसमें हल्के रंध्र पाए जाते हैं, जिसमें सफेदपन होता है, जिसके चलते इसे दूधिया लंगड़ा आम भी कहा जाता है। आज भी बनारस के कंपनी गार्डन में लंगड़े आम का मदर ट्री को सरंक्षित किया गया है।

खुज्जी जमींदारी के नवाबों की रिश्तेदारी पाकिस्तान में होने के कारण खुज्जी का लंगड़ा आम पाकिस्तान में भी पहुंचा और पसंद किया जाने लगा। ठेकेदार कोमल निषाद, शिव दयाल निषाद, रतन पटेल ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी अक्षय तृतीया के दूसरे दिन से ही आम बगीचे में इसकी तुड़ाई की जाएगी और लोगों के बीच में उपलब्ध होगा।

## विधायक यशोदा वर्मा दुर्ग लोकसभा प्रत्याशी राजेन्द्र साहू का प्रचार प्रसार किया



खैरागढ़ (दावा)। विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा दुर्ग लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सुपेला भिलाई कांट्रेक्ट कॉलोनी में प्रचार प्रसार किए । लोकसभा चुनाव की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे चुनाव प्रचार भी तेज होती जा रही हैं। जिसमे दुर्ग लोकसभा प्रत्याशी राजेंद्र साहू को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है।

खैरागढ़ विधायक दुर्ग विधानसभा के ग्रामों एवं शहरो में राजेंद्र साहू के समर्थन में वोट देने की अपील कि और विधायक ने विभिन्न ग्रामों एवं शहरो में पहुंच कर कांग्रेस पार्टी के 5 न्याय सहित जन हितैषी घोषणा को जन जन तक पहुंचा रहे है। प्रचंड मतों से विजय बनाने प्रचार करते हुए दुर्ग लोकसभा प्रत्याशी राजेंद्र साहू को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील कि, इस अवसर पर जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष आरती रिंकू महोबिया एवं बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## पहला कॉलम...

### जोमैटो को झटका, लगा 2 करोड़ का जुर्माना

नई दिल्ली। ऑनलाइन फूड डिलिवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो को दिल्ली के बिक्री कर अधिकारी ने दो करोड़ रुपये से ज्यादा का वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी), दो करोड़ से ज्यादा का ब्याज और जुर्माना भरने का नया आदेश दिया है। आदेश में 2,22,91,376 रुपये के जीएसटी; 2,08,98,164 रुपये के ब्याज और 22,29,136 रुपये के जुर्माने की मांग की गई है। यह वित्त वर्ष 2018-19 की अवधि के लिए है।जोमैटो ने शेयर बाजार को बताया, जोमैटो को अप्रैल 2018 से मार्च 2019 की अवधि के लिए दिल्ली के वार्ड 300 के बिक्री कर अधिकारी से 2,08,98,164 रुपये के ब्याज और 22,29,136 रुपये के जुर्माने के साथ 2,22,91,376 रुपये के जीएसटी की मांग प्राप्त हुई है। कंपनी ने बताया कि वह सक्षम अधिकारी के समक्ष इसके खिलाफ अपील करेगी। उसने कहा, हमें लगता है कि तथ्यों के आधार पर हमारे पास मजबूत मामला है और हम सक्षम अधिकारी के समक्ष इस आदेश के खिलाफ अपील दायर करेंगे। पिछले महीने भी जोमैटो को 11.81 करोड़ रुपये के जीएसटी और जुर्माने का आदेश प्राप्त हुआ था। इसमें 5.9 करोड़ रुपये का जीएसटी और करीब इतना ही जुर्माना शामिल है। यह जुलाई 2017 से मार्च 2021 की अवधि के लिए था।

### शेयर बाजार में आई गिरावट

नई दिल्ली। हफ्ते के आखिरी कारोबार दिन शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 732.96 अंक टूटकर 73,878.15 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह एनएसई निफ्टी 172.35 अंकों की कमजोरी के साथ 22,475.85 अंक पर बंद हुआ। बाजार को नीचे ले जाने में सबसे अधिक योगदान रिलायंस इंडस्ट्रीज और मारुति के स्टॉक का रहा है। इन दोनों स्टॉक में 2 फीसदी से अधिक की गिरावट रही। इसके साथ ही तमाम हैवीवेट शेयर में बिकवाली देखने को मिली। आइए जानते हैं वो 5 कारण जिसके कारण बाजार में आज बिकवाली देखने को मिली। भारतीय बाजार को नीचे लाने में आरआईएल, मारुति और एचडीएफसी बैंक का योगदान रहा। ये हैवीवेट शेयर में बिकवाल आने से भारतीय बाजार में बड़ी गिरावट देखने को मिली। जो वोलैटिलिटी को दर्शाता है वह 12त्न से अधिक बढ़कर 15.12 हो गया है, जो कि क्त4 की कमाई, चल रहे चुनाव के मौसम और यूएस फेड द्वारा ब्याज दर में कटौती के समय सहित बाजार की भावनाओं पर प्रभाव डालने वाले कारण बदल रहा है। इससे भी बाजार में गिरावट हाबी हुई।

### इंग्लैंड के 20 साल के स्पिनर का हुआ निधन

नई दिल्ली। वोरसेस्टरशायर स्पिनर जोश बेकर का 20 साल की



उम्र में निधन हो गया। इंग्लैंड काउंटी चैंपियनशिप टीम ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। बाएं हाथ के स्पिनर ने एक दिन पहले ब्रूम्सग्रूव में समरसेट के खिलाफ वोरसेस्टरशायर की दूसरी एकादश के लिए 3 विकेट चटकाए थे। जोश बेकर की मृत्यु की खबर से क्रिकेट जगत सदमे में डूब गया है।इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड, काउंटी क्लब और पूर्व क्रिकेटरों ने सोशल मीडिया पर जोश बेकर की मृत्यु के लिए शोक प्रकट किया है। काउंटी क्लब ने अपने बयान में कहा, वोरसेस्टरशायर काउंटी क्रिकेट क्लब जोश बेकर के असामयिक निधन की घोषणा करते हुए दुखी है, जिनकी उम्र केवल 20 वर्ष थी। बता दें कि जोश बेकर जब 17 साल के थे, तब वोरसेस्टरशायर से जुड़े थे।

### पूर्णिमा देवी बर्मन ने जीता ब्रिटिश वन्यजीव चैरिटी गोल्ड अवार्ड

लंदन। असम की रहने वाली वन्यजीव जीव विज्ञानी डॉ पूर्णिमा



देवी बर्मन को ब्रिटिश वन्यजीव चैरिटी अवार्ड से सम्मानित किया गया है। डॉ पूर्णिमा को विलुप्त हो रहे ग्रेटर एजुटैंट स्टोर्क (हरगिला पक्षी) और उसके वेटलैंड निवास के संरक्षण की दिशा में किए गए प्रयासों के लिए यह सम्मान दिया गया है।

डॉ पूर्णिमा ने बुधवार शाम लंदन में रायल ज्योग्राफिकल सोसायटी पुरस्कार समारोह में व्हिटली फंड फार नेचर (डब्ल्यूएफएन) से 100,000 ब्रिटिश पाउंड का व्हिटली गोल्ड अवार्ड प्राप्त किया। डब्ल्यूएफएन विश्व भर के बुनियादी स्तर के संरक्षण का समर्थन करता है।डॉ पूर्णिमा को असमिया में हरगिला के नाम से जाने जाने वाले सारस ग्रेटर एजुटैंट स्टोर्क के संरक्षण के लिए ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय की बहन और चैरिटी की संरक्षक राजकुमारी एनी ने ट्राफी प्रदान की। भारत और नेपाल के शीर्ष लेखा परीक्षकों ने ऑडिटिंग पेशेवरों के बीच क्षमता विकास व जानकारी के आदान-प्रदान के लिए मंच स्थापित करने का निर्णय लिया है।

# कोलकाता ने मुंबई को 24 रनों से हराया, स्टार्क ने 19वें ओवर में चटकाए तीन विकेट

मुंबई। कोलकाता नाइट राइडर्स ने मुंबई इंडियंस को 24 रनों से हरा दिया। मुंबई की इस हार ने उसकी प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को लगभग खत्म कर दिया है। वहीं, केकेआर के खाते में 14 अंक हो गए हैं। अंक तालिका में श्रेयस अय्यर की टीम दूसरे स्थान पर है और प्लेऑफ के लिए क्वलीफाई करने की कगार पर है। मुंबई -0.356 नेट रनरेट के साथ नौवें पायदान पर है।

170 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई की शुरुआत कुछ खास नहीं हुई। पावरप्ले में एमआई ने 46 रनों के स्कोर पर तीन विकेट खो दिए। ईशान किशन 13, नमन धीर और रोहित शर्मा 11-11 रन बनाकर आउट हुए। इस मैच में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे सूर्यकुमार यादव ने विस्फोटक प्रदर्शन किया। उन्होंने 35 गेंदों में 56 रन बनाए। 360 डिग्री बल्लेबाज ने 30 गेंदों



में पचासा लगाया।

यह उनके आईपीएल करियर का 24वां अर्धशतक है। वहीं, टिम डेविड 24 रन बनाने में कामयाब हुए। मुंबई के लिए तिलक ने चार, नेहल ने छह, पांड्या ने एक, गेराल्ड ने आठ, पीयूष शून्य और जसप्रीत (नाबाद) ने एक रन बनाया। मुंबई की टीम 18.5 ओवर में 145 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। 19वें ओवर में मिचेल स्टार्क ने तीन विकेट चटकाए। उन्होंने टिम डेविड, पीयूष चावला और गेराल्ड कोएत्जी को आउट किया। इस मैच में उन्होंने चार विकेट चटकाए। वहीं, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नरेन और आंद्रे रसेल ने दो-दो विकेट लिए।

#### केकेआर ने वानखेड़े में 12 साल बाद जीती, एमआई को 24 रन से हराया

कोलकाता ने मुंबई को 24 रन से हरा दिया है। टीम वानखेड़े में 12 साल मुंबई को हराने में कामयाब हुई है। इस जीत से कोलकाता के 10 मैचों में 7वीं जीत से 14 अंक हो गए हैं। टीम को प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करने के लिए दो मैच और जीतने होंगे। दूसरे ओवर मुंबई 8वीं हार के बाद प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई है। टीम के पास 3 जीत से 6 अंक हैं। मुंबई नौवें स्थान पर पहुंच गई है।

#### 30 गेंदों में सूर्या ने जड़ा पचासा

30 गेंदों में सूर्या ने जोरदार पचासा जड़ा है। वह इस अर्धशतकीय पारी में दमदार बल्लेबाजी करते नजर आए उन्होंने अपने आईपीएल करियर का 24वां अर्धशतक लगाया है।

#### स्टार्क को ओवर में 3 विकेट

मिचेल स्टार्क ने 19वें ओवर में 3 विकेट चटकाए। उन्होंने टिम डेविड, पीयूष चावला और जसप्रीत बुमराह को आउट किया

## पाकिस्तान में बड़ा हादसा, बस पलटी; 20 लोगों की मौत

पेशावर। अधिकारियों ने कहा कि उत्तर पश्चिम पाकिस्तान के गिलगित बाल्टिस्तान क्षेत्र में शुक्रवार को एक यात्री बस पहाड़ी इलाके से फिसलकर खड्ड में गिर गई, जिसमें कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई और 21 अन्य घायल हो गए।



एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना डायमेर जिले के काराकोरम राजमार्ग पर सुबह करीब साढ़े पांच बजे हुई, जब बस रावलपिंडी से हुंजा जा रही थी।अधिकारी ने बताया कि चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और बस पलटकर सिंधु नदी के किनारे जा गिरी।घटना के वक्त बस में 43 यात्री सवार थे।अधिकारी ने बताया कि घायलों को चिलास अस्पताल ले जाया गया। अधिकारी ने कहा कि सेना के हेलीकॉप्टरों की सहायता से बचाव कार्य समाप्त हो गए हैं और मृतकों और घायलों को अस्पताल ले जाया गया है।

अधिकारी ने बताया कि बचाव प्रयास जारी हैं और शवों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। अस्पताल के एक सूत्र ने बताया कि मृतकों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं। सूत्र ने कहा कि मरने वालों की संख्या और बढ़ने की आशंका है क्योंकि घायलों में से कई की हालत गंभीर है।

## भारत से टेस्ट में छिना नंबर-1 का ताज

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने शुक्रवार को तीनों प्रारूपों (टेस्ट, वनडे और टी20 इंटरनेशनल) की वार्षिक रैंकिंग अपडेट करने के बाद ताजा टीम रैंकिंग जारी की। इसमें सबसे बड़ी बात निकलकर सामने आई है कि भारतीय टीम ने टेस्ट का ताज यानी नंबर-1 स्थान गंवा दिया है।

भारतीय टीम को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2021-23 के फाइनल में शिकस्त देने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम नंबर-1 टेस्ट टीम बन गई है। भारत अब दूसरे स्थान पर फिसल गया है। टेस्ट रैंकिंग में इन दोनों टीमों के पायदान में बदलाव हुआ जबकि चौथे से 9वें स्थान पर विराजित टीमों की स्थिति स्थिर है। याद हो कि भारत को डब्ल्यूटीसी 2023 फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों 209 रन की शिकस्त सहनी पड़ी थी।

इस जीत से ऑस्ट्रेलिया को



अपनी रेटिंग सुधारने का मौका मिला। वो 124 अंक के साथ नंबर-1 पर पहुंची। भारत 120 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। इंग्लैंड (105 अंक) तीसरे स्थान पर है।रैंकिंग्स अपडेट में मई 2021 के बाद के प्रदर्शन को गिना गया। भारतीय टीम ने जनवरी 2021 में विराट कोहली के नेतृत्व में ऑस्ट्रेलिया पर 2-1 की जीत दर्ज की थी, वो रैंकिंग अवधि से बाहर रही। मई 2021 और मई 2023 के बीच सभी नतीजे का भार 50 प्रतिशत रहा और पिछले 12 महीने में हुई सीरीज, जिसमें डब्ल्यूटीसी फाइनल जीत शामिल है, उसका भार 100 प्रतिशत रहा।

भारतीय टीम ने भले ही टेस्ट टीम रैंकिंग में शीर्ष स्थान गंवाया हो, लेकिन सीमित ओवर क्रिकेट में उसका दबदबा बरकरार है। भारतीय टीम वनडे और टी20 इंटरनेशनल टीम रैंकिंग दोनों में शीर्ष स्थान पर काबिज है। भारत के वनडे में 122 रेटिंग है। वह ऑस्ट्रेलिया (116) से छह अंक आगे है। दक्षिण अफ्रीका (112) तीसरे, पाकिस्तान (106) चौथे और न्यूजीलैंड (101) टॉप-5 की लिस्ट को पूरा करते हैं।

भारतीय टीम का टी20 इंटरनेशनल टीम रैंकिंग में भी एकतरफा राज कायम है। वह 264 रेटिंग के साथ शीर्ष स्थान पर कायम है। ऑस्ट्रेलिया (257) दूसरे स्थान पर है और भारत से सात अंक पीछे है। इंग्लैंड की टीम (252) तीसरे स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका (250) ने छठे से चौथे स्थान पर छलांग लगाई। पाकिस्तान को भी दो स्थान का नुकसान हुआ और वो सातवें स्थान पर खिसका। पाकिस्तान के 247 अंक हैं।

## पीसीबी मेडिकल चीफ ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। टी20 विश्व कप 2024 को लेकर अभी तक पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने टीम के स्क्वाड का ऐलान नहीं किया है। उससे पहले टीम आयरलैंड और इंग्लैंड के साथ सीरीज खेलेगी। इस दौरान ही पाक टीम का विश्व कप के लिए ऐलान हो सकता है। लेकिन अभी भी पाकिस्तान क्रिकेट में बवाल खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। विश्व कप से पहले पाक क्रिकेट बोर्ड के मेडिकल चीफ ने इस्तीफा दे दिया है।

पीसीबी मेडिकल चीफ डॉ. सोहेल सलीम ने आलोचनाओं के चलते अपने पद से इस्तीफा देकर पाक क्रिकेट बोर्ड को बड़ा झटका दिया है। दरअसल पिछले साल अप्रैल में तेज गेंदबाज इहसानुल्लाह को कोहनी में चोट लग गई थी।

## आइसक्रीम वैन ने 29 बच्चे कुचले, 18 गंभीर घायल

**कल्चरल फेस्टिवल में इवेंट के दौरान भीषण हादसा**

नई दिल्ली। फेस्टिवल चल रहा था, बच्चे और उनके परिजन म्यूजिकल इवेंट में मस्त थे, अचानक हादसा हुआ और चीख पुकार मच गई। फेस्टिवल में आइसक्रीम बेचने वाला अपनी वैन लेकर आया था, लेकिन उसकी वैन ने इवेंट में हिस्सा ले रहे बच्चों को कुचल दिया। वैन बच्चों की भीड़ के बीच से निकली और करीब 29 बच्चों को टक्कर मारते हुए निकल गई।



बच्चों को कुचलने के बाद वैन पहाड़ी से लुढ़क गई और एक दीवार से टकराकर रूक गई। दूसरी ओर, जिन बच्चों को वैन ने टक्कर मारी थी, वे घायल होकर गिर गए। आनन फानन में बच्चों को मौके पर फर्स्ट ऐड दिया गया। 18 बच्चे गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनमें से तीन बच्चों की हालत नाजुक है और वे अस्पताल में उपचाराधीन हैं। हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हादसा पूर्व-सोवियत गणराज्य किर्गिस्तान में पहाड़ी इलाके में हुआ। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने हादसे की पुष्टि की है। वहीं देश के स्वास्थ्य मंत्री एलिमकादिर बेइशेनालिएव ने हादसे के वायरल वीडियो पर संज्ञान लिया और घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने पुलिस को हादसे की जांच करने का आदेश दिया है।

उनका निर्देश है कि पुलिस हादसा होने के कारणों की पता लगाए। अगर हादसे के लिए ड्राइवर जिम्मेदार है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं पुलिस ने मामले की जांच की तो ड्राइवर ने पूछताछ में बताया कि वह अपनी वैन का हैंडब्रेक लगाना भूल गया था। आइसक्रीम बेचते समय झटका लगने से वह लुढ़क गई और बच्चों को कुचलते हुए निकल गई। जानबूझ हादसा नहीं किया गया है।

## आईसीसी ने अंपायर्स और रेफरी की जारी की लिस्ट

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में 1 जून से आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 का आगाज होगा। इसको लेकर अब महीने भर से भी कम समय बचा है और कुछ टीमों का ऐलान भी हो चुका है। वहीं आईसीसी ने भी इस मेगा टूर्नामेंट के लिए मैच अधिकारियों की लिस्ट को जारी कर दिया है, जिसमें 20 अंपायर्स और 6 मैच रेफरी को जगह मिली है। टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में ऐसा पहली बार है कि 20 टीमें इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही हैं, जिसमें 28 दिनों के अंदर 9 अलग-अलग वेन्यू पर कुल 55 मैच खेले जाएंगे।

आईसीसी की तरफ से टी20 वर्ल्ड कप 2024 को लेकर जारी की गई मैच ऑफीशियल्स की लिस्ट में साल 2022 में खेले गए पिछले इवेंट के फाइनल मुकाबले में अंपायर्स की भूमिका निभाने वाले कुमार धर्मसेना, क्रिस गेफेनी और पॉल रिफिल को इस बार भी जगह मिली है। वहीं मैच रेफरी की लिस्ट में सबसे अनुभवी रंजन मदुगले भी शामिल है जिनको सभी फॉर्मेट में इस भूमिका में अब तक देखा गया है। इस लिस्ट में जैफ क्रो का भी नाम शामिल है, जिनको अब तक सबसे ज्यादा टी20 इंटरनेशनल मैचों में रेफरी की भूमिका निभाने का अनुभव हासिल है। क्रो ने 175 टी20 मैचों में इस जिम्मेदारी को निभाया है।

## प्रथम पेज का शेष

***25 साल में पहली बार अमेठी से चुनाव...***

पूर्व विधायक अजयपाल सिंह और कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी तथा सुशील पासी प्रस्तावक बने। अमेठी से किशोरी लाल को उतारा-कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने नामांकन पत्र चार सेट में दाखिल किया। इससे पहले प्रियंका रोड शो के लिए रथ पर सवार हुईं और कहा कि किशोरी लाल बीते 40 वर्ष से अमेठी की गली-गली गांव-गांव की जो समस्याएं और मुश्किलें हैं, उसे जानते हैं। इन्होंने लगातार 40 वर्ष तक अमेठी की सेवा की है। इसी विश्वास के साथ इन्हें लोकसभा का प्रत्याशी घोषित किया गया है।

हार के बाद कम हुआ राहुल का अमेठी से लगाव- जानकारों का मानना है कि 2019 में स्मृति ईरानी से मिली शिकस्त के बाद अमेठी से राहुल का लगाव कम हुआ, लेकिन पिता राजीव व ताऊ संजय गांधी की यादों को अपने आंचल में समेटे होने व पुराने रिश्ते को अटूट बनाते के लिए परिवार के भरोसेमंद सिपहसालार केएल शर्मा को मैदान में उतार कर जनता को अपना भरोसा मजबूत करने का एक अवसर दिया है। रायबरेली की सलोन तहसील का एक हिस्सा अमेठी में है, लेकिन इस क्षेत्र पर रायबरेली की पकड़ मजबूत मानी जाती है।

***भारत ने ईरान और इजरायल की ....***

ईरान और इज़रायल की यात्रा नहीं करें और जो लोग वहां पहले से ही हैं, वे अत्यधिक सावधानी रखें। विदेश मंत्रालय ने कहा था, हम क्षेत्र में स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। हमने यह भी देखा है कि ईरान और इज़राइल ने कई दिनों से अपना हवाई क्षेत्र खोल दिया है। हम भारतीय नागरिकों को इन देशों की यात्रा करते समय सतर्क रहने और भारतीय दूतावास के संपर्क में रहने की सलाह देते हैं।

***झारखंड को भ्रष्टाचार और जंगल राज की...***

झोंकने वालों को सजा मिलनी चाहिए कि नहीं? आपका हक लूटने वालों को सजा देने के लिए हमें आपके आशीर्वाद की जरूरत है. इंडी गठबंधन ने झारखंड की पहली महिला राज्यपाल और आदिवासी समाज से आनेवाली द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाने का विरोध किया. इन्हें आदिवासियों का सम्मान पसंद नहीं है.

पीएम मोदी ने कहा कि इस चुनाव में एक ओर आदिवासी विरोधी मानसिकता वाली कांग्रेस है, तो, दूसरी तरफ हमारे लिए आदिवासियों का विकास पहली प्राथमिकता है. आदिवासियों के विकास के लिए अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने सबसे पहले जनजातीय समाज के लिए अलग मंत्रालय बनाया. अलग से बजट दिया, जिससे आदिवासियों का विकास हो रहा है. जनजातीय भाषाओं में शिक्षा देने का फैसला भी बीजेपी ने ही किया. कांग्रेस ने तो आदिवासी इलाकों को अपने हाल पर छोड़ दिया था. बीते दस वर्षों में बीजेपी सरकार ने आदिवासी समाज के लिए अनेक कदम उठाए हैं. हमारे प्रयास से झारखंड में 18 लाख लोगों को मकान मिले हैं. 33 लाख घरों को पानी का कनेक्शन दिया गया है.

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने आम नागरिकों की संपत्ति की जांच की घोषणा की है, तो दूसरी तरफ वह चोरों की संपत्ति की जांच का विरोध करती है. वह आपकी संपत्ति छीनकर उन्हें देना चाहती है, जिन्होंने वोट जिहाद की घोषणा की है. कांग्रेस देश की संपत्ति पर मुसलमानों का पहला अधिकार बताती है और मोदी कहता है कि देश की संपत्ति पर पहला हक गरीबों, वंचितों, दलितों का है.

***कांग्रेस भवन पहुंची राधिका खेड़ा...***

कि बात कर सकूं। इसके बाद वो पीसीसी चीफ दीपक बैज के कमरे में पहुंचीं, जहां बैठक चल रही है। दूसरी ओर आरोपों से घिरे प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के चेयरमैन सुशील आनंद शुक्ल कार्यालय में ही अपने कक्ष में बैठे रहे। बताया जाता है कि वो बैठक में शामिल नहीं हुए। दूसरी ओर राधिका खेड़ा के निकलने के बाद मामले के दो गवाहों और सुशील आनंद शुक्ला को अध्यक्ष के कमरे में बुलाया गया है।

***अमित शाह के फेक वीडियो मामले में ....***

पांच सदस्यों को सशर्त जमानत- इसी मामले में हैदराबाद की एक अदालत ने शुक्रवार को गिरफ्तार तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) की सोशल मीडिया इकाई के पांच सदस्यों को सशर्त जमानत दे दी। हैदराबाद साइबर क्राइम पुलिस ने शुक्रवार को पेंड्याला वामशी कृष्णा, मन्ने सतीश, पेट्टम नवीन, अस्मा तस्लीम और कोया गीता की गिरफ्तारी की थी। हैदराबाद के साइबर अपराध पुलिस उपायुक्त दारा कविता ने कहा कि इन लोगों ने अमित शाह के भाषण के एक वीडियो से छेड़छाड़ की थी।

इन सभी को नामपल्ली कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें सशर्त जमानत दे दी गई। उन्हें दो जमानतदारों के साथ 10,000 रुपये का निजी बांड जमा करने के लिए कहा गया और अदालत ने उन्हें अगले आदेश तक हर सोमवार और शुक्रवार को जांच अधिकारी के सामने पेश होने का निर्देश दिया है। ये गिरफ्तारियां भाजपा के राज्य महासचिव जी. प्रमेंदर रेड्डी की शिकायत के बाद की गई। शिकायत में उन्होंने कहा था कि तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस पार्टी ने अपने एक्स अकाउंट से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का एक छेडछाड़ किया गया वीडियो पोस्ट किया था।

## न थॉमस कप और न ही उबेर कप में भारत को मिला कोई पदक, महिलाओं के बाद पुरुष टीम भी हारी

स्पोर्ट्स डेस्क। भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम थॉमस कप बैडमिंटन टीम अपने खिताब का बचाव नहीं कर पाई और क्वार्टर फाइनल में चीन से 1-3 से हार के साथ बाहर हो गई। महिला टीम का अभियान उबेर कप में जापान के हाथों 0-3 से हार के साथ समाप्त हो गया। दो साल पहले थॉमस कप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय टीम के एच एस प्रणय को दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी शी यू की के खिलाफ 66 मिनट के मुकाबले में 21-15, 11-21, 14-21 से हार मिली। सात्विक-चिराग की जोड़ी को दुनिया की नंबर जोड़ी लियांग वेई केंग और वांग चांग के हाथों 15-21, 21-11, 12-21 से हार मिली।

युगल में जीत से चीन को 2-0 से बढ़त मिल गई। उसके बाद निगाह लक्ष्य पर थी, जिन्होंने निराश नहीं किया। अल्मोढ़ा के 22 साल के सेन ने दुनिया के छठे नंबर के ली शी फेंग को 13-21,



21-8, 21-14 से हराकर स्कोर 1-2 कर दिया लेकिन युगल में ध्रुव और साई की दुनिया की 11वें नंबर की रेन जियांग यू और ही जी टिंग से 10-21, 10-21 की हार के साथ भारत की उम्मीदें खत्म हो गईं।

#### उबेर कप में जापान ने 3-0 से हराया

इससे पहले उबेर कप में अश्मिता चालिहा और ईशारानी बरुआ के संघर्षपूर्ण खेल के बावजूद भारत की युवा महिला टीम को जापान के हाथों 0-3 से हार मिली। इस टूर्नामेंट में भारत की स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू ने हिस्सा नहीं लिया था। बावजूद इसके भारत ने ग्रुप मैचों में कनाडा और सिंगापुर को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। गुरुवार को जापान के खिलाफ अश्मिता को अया ओहरी के खिलाफ 10-21, 22-20, 15-21 से हार मिली। बीस साल की ईशारानी दुनिया की पूर्व नंबर एक नोजोमी ओकुहारा से 15-21, 12-21 से हार गईं। युगल में प्रिया और श्रुति मिश्रा को दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी नामी मातसुयामा और चिहारू शिदा ने 21-8, 21-9 से हराया।

# बेहद खतरनाक होता है नकली आई लैशज लगाना



चेहरे को खूबसूरत बनाने में आंखों का भी काफी बड़ा योगदान रहता है। ऐसे में कई महिलाएं और लड़कियां तो रोजाना में भी काजल, आईलाइनर और आईशैडो का इस्तेमाल करती हैं। इन ब्यूटी प्रोडक्ट की वजह से आंखों की खूबसूरती कई गुना बढ़ जाती है। बहुत सी महिलाएं आंखों की खूबसूरती में चार चांद लगाने के लिए नकली आई लैशेज इस्तेमाल करती हैं, जिससे आंखें बड़ी और प्यारी दिखती हैं।

एक समय था जब नकली आई लैशेज वो महिलाएं ज्यादा इस्तेमाल करती हैं, जिनकी पलकें घनी नहीं होतीं, लेकिन आज के समय हर महिला आंखों को बड़ा और प्यारा दिखाने के लिए नकली आई लैशज का इस्तेमाल करती है। भले ही इनसे आप खूबसूरत लगने लगें, लेकिन इनके ज्यादा इस्तेमाल से आपकी आंखों को काफी नुकसान पहुंचता है। अगर आप भी नकली आई लैशेज लगाती हैं, तो पहले इसके साइड इफेक्ट के बारे में जरूर जान लें।

**बढ़ जाता है इंफेक्शन का खतरा**

बाजार में मिलने वाले नकली आई लैशज का इस्तेमाल करने से भले ही आप कुछ वक्त के लिए खूबसूरत दिखने लगें लेकिन ये आपकी आंखों के लिए बड़ा खतरा बन सकती हैं। इनको लगाने से आंखों में इंफेक्शन का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। ऐसे में कोशिश करें कि इसका इस्तेमाल न ही करें।

**आंखों में जलन**

वैसे भी प्रदूषण की वजह से आंखों में तमाम तरह की परेशानी होती रहती हैं। ऐसे में अगर आप नकली आई लैशेज का इस्तेमाल करेंगी तो आपकी आंखों में जलन की समस्या उत्पन्न हो सकती है।

**आंखों में लगेगा रूखापन**

कई बार महिलाएं पैसे बचाने के लिए सस्ते आइ लैशेज का इस्तेमाल कर लेती है। इसमें लगने वाला ग्लू आंखों में ड्राईनेस की वजह बनता है। जब आंखों में ड्राईनेस बढ़ जाती है तो खुजली और धुंधलापन की परेशानी होना बेहद आम हो जाता है।

**झड़ने लगते हैं पलकों के बाल**

ज्यादा खूबसूरत दिखने के चक्कर में कई बार हम अपनी ही त्वचा को नुकसान पहुंचा देते हैं। नकली आई लैशेज की वजह से कई बार महिलाओं के असली पलकों के बाल झड़ने लगते हैं। इससे आपकी आंखों को परेशानी हो सकती है।

# टैंजरीन कलर की वन-शोल्डर बॉडीकॉन ड्रेस में दिखें फ्रेश और ग्लैमरस



जेन ज़ी एक्ट्रेस अलाया एफ एक कम्प्लीट स्टनर हैं, जो एक प्रोफेशनल की तरह फैशन टारगेट को हिट करती हैं और अक्सर अपने लुक्स के लिए चर्चा में छाई रहती हैं. चाहे वह आकर्षक जंपसूट हो या मिनी ड्रेस या फिर किसी तरह का कोई ट्रेडिशनल आउटफिट. डिवा किसी भी लुक को परफेक्शन के साथ पेश करना जानती हैं. एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और फैशन-फ़ॉरवर्ड लुक से भरी उनकी ग्लैमरस इंस्टा-डेयरियां उनके सभी फॉलोअर्स के लिए स्टाइल गाइड की तरह है. इस बीच उनका एक और ग्लैमरस और रिफ्रेशिंग समर वाइब लुक सामने आया है, जो काफी पसंद किया जा रहा है. आइये डीकोड करते हैं उनका लेटेस्ट लुक.

**अलाया एफ से लें फैशन टिप्स**

अलाया ने अपने फैंस को मिड वीक सरप्राइज देते हुए इंस्टाग्राम पर तस्वीरों की एक सीरीज शेयर की, जिसके साथ कैप्शन दिया फ्रवन्स अपॉन ए ड्रेीम.फ्र इनमें वह टैंजरीन कलर की वन शोल्डर बॉडीकॉन ड्रेस में देखी जा सकती हैं. अलाया का यह शानदार पहनावा ब्रांड फॉरएवर न्यू की वॉर्डरोब से है और इसका टेंजेरीन कलर काफी आकर्षक लग रहा है. इसमें एक कंधे की नेकलाइन, एक बॉडी-कॉन फिट, एक साइड स्लिट और एक घुटने की लंबाई वाली हेमलाइन दी गई है.

सेलिब्रिटी फैशन स्टाइलिस्ट शीफा गिलानी की ने अलाया को स्टाइलिंग में मदद की है, जिसके साथ उन्होंने मिनिमल एक्सेसरीज को चुना और अपने लुक को पूरी तरह से कॉम्प्लिमेंट करने के लिए स्वारोवस्की इयररिंग्स की एक पेयर और न्यूड पंप की एक जोड़ी को चुना.

मेकअप आर्टिस्ट रेशमा मर्चेंट की मदद से अलाया न्यूड आईशैडो, मस्कारा से ढकी पलकें, गहरे रंग की भौहें, विंग्ड आईलाइनर, समोच्च चीकबोन्स, चमकदार हाइलाइटर, गुलाबी गाल और चमकदार न्यूड लिपस्टिक के शेड में तैयार हुईं.

हेयर स्टाइलिस्ट माधव त्रेहान की मदद से, अलाया ने अपने आकर्षक बालों को सॉफ्ट कर्ल में स्टाइल किया और मिडिल पार्टिंग कर इन्हें साइड में खुला छोड़ दिया. परफेक्ट फिनिशिंग टच के लिए उन्होंने अपने बालों को अपने कंधों से नीचे की ओर झुकाया.

यह पहली बार नहीं है जब एक्ट्रेस अपने लुक्स से चर्चा बटोर रही हैं. अभी कुछ दिन पहले भी वह एक सफेद ऑफ-द-शोल्डर ड्रेस में सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित करती देखी गई थीं. इस बार वह नारंगी रंग की बॉडीकॉन ड्रेस में नजर आईं हैं. जो निश्चित रूप से फैंस को गर्मियों में इस कलर की ड्रेस को स्टाइल करने के लिए प्रेरित कर रहा है.

# ऑफिस के लिए चुनें इंडो-वेस्टर्न आउटफिट, स्टाइलिंग के वक्त रखें इन बातों का ध्यान

गर्मियों में ऑफिस में क्या पहनकर जाएं ? लोगों के मन में यह एक बड़ सवाल रहता है. तो इसके लिए आप इंडो-वेस्टर्न आउटफिट को चुन सकते हैं, जिसका आजकल काफी ट्रेंड चल रहा है. जानते हैं इसे कैसे स्टाइल करें.

इंडो-वेस्टर्न आउटफिट ऑफिस पहनकर जाने के लिए सबसे लेटेस्ट ट्रेंड है, यह वेस्टर्न और ईस्टर्न का एक खूबसूरत मिक्स्चर है, जिसे कई सेलेब्स भी कैरी करना पसंद करते हैं. कई बड़े डिज़ाइनर्स जमीनी स्तर से भारतीय पारंपरिक कलाओं को इंडो-वेस्टर्न कपड़ों में बुन रहे हैं. इसके अलावा, आमतौर पर इंडो-वेस्टर्न कपड़े आपके लुक पर भी गहरी छाप छोड़ते हैं. साथ ही अगर इसे वाइब्रेंट कलर्स के साथ जोड़ा जाए, तो ये और भी शानदार लगते हैं.

आप भी अगर गर्मियों में अपने ऑफिस लुक में बदलाव करने की सोच रहे हैं, तो हम आपको कुछ वॉर्डरोब में अवश्य होने वाले इंडो-वेस्टर्न कपड़ों की एक लिस्ट देने जा रहे हैं.



**ऑफिस के लिए इंडो-वेस्टर्न आउटफिट**

इंडो-वेस्टर्न शर्ट्स- ऑफिस फैशन में एक नया ट्रेंड है, जो प्रोफेशनल आउटफिट में एक नया और रोमांचक रूप पेश कर रहा है. यह इंडो-वेस्टर्न शर्ट 9-5 ड्रेसिंग में एक नया ट्विस्ट एडऑन करते हैं, जो प्रोफेशनल के साथ ट्रेडिशन का एक अनोखा मिश्रण है.

स्मार्ट कुर्तियां- इंडो-वेस्टर्न ऑफिस आउटफिट के लिए कुछ स्मार्ट कुर्ते कैरी करने चाहिए. यह एक ऐसा पहनावा बनाता है, जो आकर्षक होने के साथ-साथ प्रोफेशनल सेटिंग के लिए भी उपयुक्त है. जो बात इन कुर्तियों को अलग करती है, वह आपके रोजमर्रा के ऑफिस आउटफिट्स में नहीं होती. इस गर्मी में पेस्टल शेड्स वाली कुर्ती को चुनें, जिसपर कॉलर या चाइनीज कॉलर हो. इसे सफेद पैजामे के साथ पहनें या कुर्ते से मैचिंग पैंट को कैरी करें.

ट्यूनिक्स- ये सभी प्रकार के बॉडी टाइप के लिए एकदम सही ऑफिस आउटफिट है, जो आपको आरामदायक रखने के साथ ही मेनटेन करने में भी आसान होते हैं और साथ ही स्टाइलिश भी दिखते हैं. इन्हें ड्रेस के रूप में अलग से पहना जा सकता है या जेगिंग्स, लेगिंग, स्मार्ट पैंट, सिगरेट पैंट आदि के साथ जोड़ा जा सकता है. ऑफिस पार्टियों में जाते समय, सेक्विन वर्क, मोटिफ्स या पैटर्न वाले ट्यूनिक्स को चूज करें.

कोर्ड सेट्स- यह कुछ ऐसा है, जिसे आप कैजुअल दिनों के लिए भी चुन सकती हैं और ऑफिस के लिए भी. बस आपको मौके के हिसाब से कलर और प्रिंट को चुनना है. ऑफिस वियर में मिनिमल और पेस्टल शेड को चुनें, वहीं आउटिंग के लिए आप कढ़ाई वाले या कलरफुल प्रिंट्स के साथ को-ऑर्ड सेट को चुन सकती हैं.

**ऑफिस के लिए इंडो-वेस्टर्न शर्ट कैसे स्टाइल करें ?**

अपनी इंडो-वेस्टर्न शर्ट को कुछ बेसिक चीजों के साथ पेयर करें, जिससे आपका लुक पूरा हो सके. जैसे कि एक फिटेड पतलून या एक स्मूद पेंसिल स्कर्ट की जोड़ी इंडो-वेस्टर्न शर्ट को पेयर कर सकती हैं. साथ में सही फुटवियर को चुनना न भूलें. क्योंकि जब जूते की बात आती है, तो इसे ईजी और सोफेस्टिकेटेड रखें. न्यूड पंप या मैटेलिक स्टिलेटोज़ की एक जोड़ी आपके इंडो-वेस्टर्न लुक को एक साथ स्टाइलिश दिखा सकती है.

# समर सीजन में स्टाइलिश दिखने के लिए वॉर्डरोब में शामिल करें ये ट्रेंडिंग बैग्स



गर्मियों में कपड़ों और फुटवियर के साथ मैचिंग हैंडबैग को चुनना एक ट्रिकी काम है. इसलिए हम आपको कुछ ऐसे ट्रेंडिंग बैग्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपके हर जरूरत के मुताबिक कपड़ों से मैच करेंगे.

हैंडबैग्स कभी भी आउट ऑफ स्टाइल नहीं हो सकते, क्योंकि यह हमारे पूरे आउटफिट में एक फैशनेबल और उपयोगी एक्सेसरी है, जिसे कैरी करना न केवल स्टाइलिश है बल्कि जरूरी भी है. हालांकि, गर्मियों के बैग हम पर थोड़ा अलग प्रभाव डालते हैं क्योंकि ये हल्के और खिलने वाले होने चाहिए, और साथ में ये हमारे गर्मियों के आरामदायक फिट के साथ मैच भी होने चाहिए. क्रोशिया से लेकर रैफिया तक, इस गर्मी के मौसम में इन 5 तरह के समर बैग को आपको अपने वॉर्डरोब जरूर शामिल करना चाहिए. आइये देखते हैं.

हैंडबैग कभी भी स्टाइल से बाहर नहीं जा सकता क्योंकि यह आपके पूरे पहनावे में एक फैशनेबल और उपयोगी एक्सेसरी है जो आपको कभी निराश नहीं करेगा. अगर आप क्लच की शौकीन हैं तो लिफाफा क्लच आपके वॉर्डरोब में होने चाहिए. यह आपको सिग्नेचर, सील्ड और डिलीवरी जैसे क्लासिक वाइब देते हैं, जो सीधे मिलान रनवे से आते हैं और दुनिया भर में छा हुए हैं. बोट्टेगा वेनेटा, गुच्ची जैसे कई लोकप्रिय लक्जरी ब्रांड ने इस तरह के क्लच लॉन्च किए हैं, जो हाल ही में मुख्य रूप से मशहूर हस्तियों और बिजनेस वुमन्स के बीच काफी हिट हो रहा है.

विंटेज शोल्डर बैग वापस स्टाइल में आ गए हैं, जिन्हें बैगूएट्स भी कहा जा रहा है और पेस्टल शेड्स में ये काफी लोकप्रिय हो रहे हैं, जिसमें चेरी मोचा कलर समर के लिए सदाबहार है. इन शोल्डर बैग में आपकी जरूरी चीजों के लिए न्यूनतम जगह होती है और ये समर कैजुअल के साथ या लॉन्ग और शॉर्ट ड्रेस के साथ समर डेट नाइट के लिए क्लासिक दिखते हैं. क्लीन लाइन्स और छोटी स्ट्रैप आपको एक सॉफ्ट गर्ल-एरा वाली वाइब देंगी.

कार्गो बैग के प्रति ऑफिस गोइंग गर्ल्स के बीच काफी क्रेज देखने को मिलता है. खासतौर से जिन्हें हर समय अपने लैपटॉप की आवश्यकता होती है. इस तरह के बैग में सही अलाइनमेंट और सेटिंग्स दी गई होती हैं, जिससे आपके सभी आवश्यक सामानों जैसे एक लैपटॉप, पानी की बोतल और कई अन्य छोटी आसानी से आ सकती हैं. ये कार्गो-स्टाइल स्क्वायर ऑफिस टोट बैग हर लड़की के बीच वायरल है और लगभग हर किसी की अलमारी में देखे जा सकते हैं. अगर आप एक ऑफिस गर्ल हैं और अपनी दुनिया अपने बैग में रखना चाहती हैं तो क्लासिक और आकर्षक लुक देते हुए इन बैग्स को चुनें.

डफ़ल या टिफ़िन बैग से इंस्पिरेशन लेते हुए, ये बकेट बैग वैनिटी से प्रतिध्वनित होते हैं. इंस्पिरेशन में किसी का वैनिटी डिज़ाइन भी शामिल हो सकता है जहां ये बकेट बैग छोटे मिनिएचर बॉक्सेस का आकार लेते हैं और एक टॉप-नॉच वाइब देते हुए काफी आकर्षक लगते हैं. इस तरह के बैग्स समर आउटफिट के पूरे लुक को निखारते हैं और दिन और रात दोनों तरह के आउटफिट के साथ बहुत अच्छे लगते हैं.

# गर्मियों में कर रही हैं ट्रैवेल तो ऐसे हों तैयार

पार्टी में स्टाइलिश दिखने के लिए हम कितनी तैयारी करते हैं, जबकि असल चुनौती रोजमर्रा की जिंदगी में होती है. अगर आप गर्मी में ट्रैवल के लिए कुछ स्टाइलिश और आरामदायक ढूंढ रही हैं, तो यहां से लें टिप्स.

**ट्रैवेल करते हुए भी दिखें स्टाइलिश**

करिश्मा कपूर लगातार हमें समर फैशन गोल दे रही हैं. उनकी तस्वीरें हमें सिखा रही हैं कि गर्मी में अपने स्टाइल से समझौता किए बिना कैसे कूल दिखा जा सकता है. पिछले दिनों उन्होंने एक खूबसूरत और कम्फर्टेबल सलवार कमीज सेट में अपनी एक तस्वीर पोस्ट की और इसे %समर लविन% कैप्शन दिया. उनके इस ईजी ब्रीजी लुक को सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया गया और फैंस ने जमकर उनकी तारीफों की छड़ी लगाई. इसी के साथ अब उन्होंने अपनी कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिसमें वह फैंस को रोड ट्रिपिंग के लिए फैशन गोल देती देखी जा सकती हैं. आइये देखते हैं करिश्मा का लेटेस्ट फैशनेबल लुक.



**करिश्मा कपूर का स्टाइलिश लुक**

मर्डर मुबारक एक्ट्रेस करिश्मा कपूर ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह कैजुअल फैशन गोल दे रही हैं. इस पोस्ट में एक्ट्रेस ने अपने रोड ट्रिप की झलकियां शेयर करते हुए तस्वीरों की एक सीरीज शेयर की है, जिसके साथ वह फैंस को बता रही हैं, कि रोड ट्रिप के दौरान आप कैसे खुद को कम्फर्टेबल रखते हुए स्टाइलिश दिख सकती हैं. इस दौरान एक्ट्रेस ने सफेद रंग की सूती और कम्फर्टेबल जॉगर पैंट्स के साथ लूज टी-शर्ट में नजर आ रही हैं. इसी के साथ खुद को धूप से बचाने और स्टाइलिश दिखने के लिए उन्होंने माथे पर कैप लगा रखा है और आंखों की सुरक्षा के लिए काले रंग की सन ग्लासेज को कैरी किया.

चेहरे पर नो मेकअप, हाथ में स्मार्ट वॉच के साथ कुछ ब्रेसलेट्स और पैरों में कम्फर्टेबल सैंडल के साथ उन्होंने अपने रोड ट्रिप लुक को पूरा किया. लंबे सफर में थकान मिटाने के लिए एक्ट्रेस ने खुद को कॉफी ट्रीट भी दी, जिसे तस्वीरों में देखा जा सकता है. तो अगर आप भी इस गर्मी में रोड ट्रिप पर निकल रही हैं, लेकिन समझ नहीं आ रहा कि सफर में आरामदायक और स्टाइलिश दिखने के लिए क्या पहनें, तो आपको करिश्मा कपूर के इस लुक को जरूर ट्राई करना चाहिए.

# कोरोना काल में हुए अनुकंपा नियुक्ति घोटाले की जांच शुरू, अधिकारियों-कर्मचारियों पर हो सकती है बड़ी कार्रवाई

रायपुर। छत्तीसगढ़ में कोरोना काल में हुए अनुकंपा नियुक्ति घोटाले की जांच अब आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने शुरू कर दी है। जिन कर्मचारियों की नियुक्ति की गई थी, उनसे संबंधित सभी दस्तावेज जिले के शिक्षा अधिकारी से ईओडब्ल्यू ने मांगी है। दस्तावेजों की जांच के बाद घोटाले में शामिल अधिकारियों-कर्मचारियों पर बड़ी कार्रवाई हो सकती है।




उल्लेखनीय है कि कोरोना काल में शिक्षा विभाग के कई कर्मियों ने जान गंवाई, जिसके बाद विभाग ने मृत कर्मियों के स्वजन को अनुकंपा नियुक्ति दी थी। इसमें भारी धांधली का आरोप लगा था।

शिकायत में कहा गया था कि शिक्षा विभाग ने बिना शपथ-पत्र की जांच के ही अनुकंपा नियुक्ति दे दी। इसे लेकर भाजपा ने जमकर हंगामा किया था। विधानसभा में भी यह मामला उठा था। विवाद बढ़ता देख गलत शपथ पत्र देने वाले 10 कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। साथ ही प्रभारी डीईओ दासरथी को निलंबित भी किया गया था। अनुकंपा नियुक्ति के नियमों में है कि दिवंगत विवाहित शासकीय सेवक के परिवार में यदि पूर्व से ही कोई सदस्य शासकीय सेवा में हैं तो अन्य किसी भी सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति की पात्रता नहीं होगी।

### सही जानकारी छिपाई

शिक्षा विभाग में बैजनाथ राम सहायक ग्रेड-2 के पद पर शासकीय हाईस्कूल सिटोंगा विकासखंड जशपुर जिला जशपुर में पदस्थ थे। कोविड के दौरान छह अप्रैल 2020 को उनकी मृत्यु हुई। आठ जून 2020 को उसके पुत्र प्रेम कुमार राम को अनुकंपा नियुक्ति देने का आवेदन जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा हुआ था। अनुकंपा नियुक्ति समिति की अनुशंसा के आधार पर उसे चार फरवरी 2022 को सहायक ग्रेड 3 के पद पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुड़केला विकासखंड जशपुर जिला जशपुर में अनुकंपा नियुक्ति दी गई। प्रेम कुमार राम ने अपने पिता की जगह अनुकंपा नियुक्ति के लिए प्रस्तुत आवेदन पत्र एवं शपथ पत्र में इस बात की जानकारी छिपाई थी कि मृतक का एक और पुत्र व प्रेम कुमार राम का एक भाई मन कुमार राम शा. पू.मा. विद्यालय तालसिली विकासखंड मनोरा जिला जशपुर में भृत्य है।

प्रेम कुमार राम के खिलाफ यह शिकायत आने के बाद शिक्षा विभाग ने प्रेम कुमार राम को बर्खास्त कर दिया। वेतन की वसूली मां की पेशन से की गई। ऐसा ही मामला बिलासपुर के मुंगेली सहित कई जिलों का सामने आया था। अब मामले की जांच ईओडब्ल्यू कर रहा है।

# संतान की आस में आईवीएफ सेंटर आई महिला की मौत, डॉक्टर्स पर लापरवाही का आरोप

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में दर्दनाक मामला सामने आया, जहां संतान की आस में आइवीएफ सेंटर पहुंची एक महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई।

महिला की मौत के बाद स्वजनों ने सेंटर के डाक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। इतना ही नहीं स्वजनों ने सेंटर के स्टाफ ये भी आरोप लगाया कि महिला की मौत के बाद उसे जिंदा बताकर इधर-उधर घुमाते रहे। यह पूरा मामला पंडरी थाना क्षेत्र का है।

### संतान के लिए आईवीएफ प्रोसीजर कराने आयी थी महिला

दरअसल, यह पूरी घटना रायपुर के एक आईवीएफ सेंटर की है। जानकारी के अनुसार यहां राजनांदगांव के लखोली निवासी मनोज साहू की पत्नी नीलम साहू प्राकृतिक तरीके से मां नहीं बन पा रही थी। इसीलिए मनोज अपनी पत्नी नीलम का इस आईवीएफ सेंटर में प्रोसीजर कराने आया था। यहां नीलम पिछले कुछ दिनों से इस सेंटर की डाक्टर से सलाह ले रही थी। डाक्टर ने शुक्रवार को नीलम को आईवीएफ प्रोसीजर के लिए बुलाया था।



मृत महिला नीलम साहू राजनांदगांव निवासी है

### आईवीएफ प्रोसीजर से पहले ठीक थी नीलम

नीलम के स्वजनों ने बताया कि आईवीएफ प्रोसीजर के लिए जाने से पहले नीलम पूरी तरह से ठीक थी। सर्जरी के लिए जाने से पहले नीलम की पति और उसके घरवालों से बात भी हुई और एक सेल्फी खिंचवाई।

लेकिन कुछ देर बाद डाक्टरों ने इमरजेंसी की बात बताई और नीलम को ममता अस्पताल ले जाने की बात कही। इस दौरान घरवाले कुछ समझ नहीं पाए और जैसे आईवीएफ सेंटर वालों ने कहा, वे करने लगे। लेकिन थोड़ी देर बाद जब ममता अस्पताल जाकर पता चला कि नीलम की मौत हो गई।

# बागेश्वर मंदिर की दान पेटी से चोरी



राजनांदगांव(दावा)। चोरों की नीयत इन दिनों मंदिरों पर है। बीते दिनों पोस्ट आफिस चौक स्थित निर्माणाधीन गायत्री मंदिर से चोरों ने लोहे की छड़े आदि पार कर दी गई थी। घटना के संबंध में कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया गया है।

चोरों ने जीई रोड भाजपा कार्यालय समीप स्थित श्री बागेश्वर धाम मंदिर को भी निशाना बनाया है। शुक्रवार की सुबह अज्ञात चोर द्वारा मंदिर में स्थित दान पेटी को तोड़कर चोरी की है। मंदिर समिति के पंकज गुप्ता, अजय गुप्ता ने बताया कि चोर द्वारा मंदिर में चोरी करते सीसी टीवी के कैमरे में कैद हो गया था जिसे वाट्सअप में वायरल कर दिया गया था। जिसके चलते उक्त चोर लोगों के गिरफ्त में आ गया। उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। उक्त चोर पुराना बस स्टैण्ड क्षेत्र का बताया जाता है।

पंकज गुप्ता ने बताया कि श्री बागेश्वर धाम मंदिर सोने की तरह दमकता है, इसलिए चोरों की इस पर नजर बनी होती है। पिछले कई बार यहां चोरियां हो चुकी है। चोरों ने मोटरपम्प में लगे कापर के वायर को चुराकर ले गए। मंदिर के दान पेटी में भी हाथ डाला गया। फिलहाल लोगों के सहयोग से चोर पकड़ा गया है। उसके पास से चोरी की रकम बरामद नहीं हुई। उससे पुलिस दरयाफ्त कर राज उगलवा लेगी। इसके पहले गायत्री मंदिर में लोहे के छड़े की हुई चोरी के चोर भी पकड़ लिए जाने के समाचार है। कोतवाली पुलिस चोरों के कार्रवाई में जुटी है।

# मां भानेश्वरी जयंती का प्रदेश स्तरीय आयोजन सिंघोला के स्टेडियम में

राजनांदगांव (दावा)। भक्तों की मनोकामना को पूर्ण करने वाली सिंघोला दरबार की मां भानेश्वरी की जयंती साहू समाज द्वारा 9 मई दिन गुरुवार को सिंघोला स्थित मिनी स्टेडियम में हर्षोल्लास पूर्वक मनाई जाएगी। जिला साहू संघ के जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि इस माहिती आयोजन में कई अति विशिष्ट व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया है। जिनमें विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू प्रमुख है।

विशिष्ट अतिथिगण में संदीप साहू विधायक कसडोल एवं राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष, मोतीलाल साहू विधायक, रायपुर ग्रामीण एवं पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष, श्रीमती रमशीला साहू पूर्व मंत्री छ.ग. शासन, भोलाराम साहू विधायक खुज्जी, दलेश्वर साहू विधायक डोंगरगांव, रोहित साहू विधायक राजिम, श्रीमती गीता साहू अध्यक्ष, जिला पंचायत राजनांदगांव, श्रीमती हेमा देशमुख महापौर, न.पा.नि. राजनांदगांव, मधुसूदन यादव पूर्व सांसद राजनांदगांव, खेदूराम साहू पूर्व विधायक डोंगरगांव, श्रीमती छन्नी साहू पूर्व विधायक, खुज्जी, दीपक ताराचंद साहू वरिष्ठ समाज सेवी, भुनेश्वर साहू उपाध्यक्ष, प्रदेश साहू संघ, रायपुर, श्रीमती शीलू साहू संयोजक महिला प्र.छ.ग. साहू संघ, पवन साहू संयोजक युवा प्र.छ.ग. साहू संघ, मुकेश साहू सरपंच ग्राम पंचायत सिंघोला शामिल होंगे।



भागवत साहू ने कहा - साहू समाज के इस बड़े आयोजन में कई वीआईपी आएंगे

श्री साहू ने आगे कहा कि कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर ली गई है जिसमें सर्वप्रथम 09 मई दिन गुरुवार आयोजन स्थल मिनी स्टेडियम, सिंघोला में प्रातः 07 बजे माँ भानेश्वरी मंदिर प्रांगण सिंघोला से भव्य कलश के साथ माँ भानेश्वरी की झाँकी का भ्रमण, प्रातः 10 बजे, माँ भानेश्वरी मंदिर में सम्मान एवं भेंट, प्रातः 11 बजे माँ भानेश्वरी की सामूहिक पूजा एवं ध्वजारोहण, दोपहर 12 बजे सामूहिक आदर्श विवाह कार्यक्रम, दोपहर 1.30 बजे आमंत्रित अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन, संध्या 3.30 बजे समाज के उत्कृष्ट कार्य समाज के गौरव एवं अतिथियों का सम्मान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ रायपुर जिला साहू संघ राजनांदगांव, तहसील साहू संघ राजनांदगांव, परिक्षेत्रीय साहू समिति सिंधोला, ग्रामीण साहू समिति सिंघोला, ग्राम पंचायत सिंघोला, माँ भानेश्वरी मंदिर समिति सिंघोला, सर्व समाज के प्रतिनिधिगण मां बाणेश्वरी जयंती महोत्सव के संयुक्त रूप से आयोजन हैं।

इस आयोजन में खास बात यह भी है कि समाज के अनेक जोड़ों का विवाह भी संपन्न होने जा रहा है। उक्त आयोजन में अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ रायपुर टहलराम साहू अध्यक्ष, भुनेश्वर साहू उपाध्यक्ष, श्रीमती मोहनकुमारी उपाध्यक्ष, हनुमंत साहू कोषाध्यक्ष, दयाराम साहू, लखन साहू, हलधर साहू महामंत्री, चर्तुभुज साहू प्रभारी जिला साहू संघ राजनांदगाँव, श्रीमती अंजनी साहू, सहप्रभारी, भागवत साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ राजनांदगाँव, श्रीमती अंजु साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ राजनांदगांव, शैलेन्द्र साहू उपाध्यक्ष, श्रीमती नीरा साहू उपाध्यक्ष, चन्द्रशेखर साहू अध्यक्ष परिक्षेत्रीय (मंडल) साहू समिति सिंघोला, नीलमणी साहू महामंत्री, नोबल साहू कोषाध्यक्ष, जगतनारायण साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समिति सिंघोला, माँ भानेश्वरी शक्तिपीठ समिति सिंघोला के अध्यक्ष नंद कुमार साहू, उपाध्यक्ष भोजराज साहू, सचिव रोशन साहू, कोषाध्यक्ष सुरेश साहू, मंदिर पुजारी दिलीप ठाकुर आदि ने की है। उक्त जानकारी जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणि साहू ने दी है।

# रात में मानव मंदिर चौक में हुआ धमाका




राजनांदगांव (दावा)। शहर के हृदय स्थल में स्थित मानव मंदिर चौक में रात के तीन बजे धमाका होने की खबर है। इस संबंध में वाट्सअप में वीडियो वायरल होने से लोग मानव मंदिर पहुंचकर लोगों से पूछताछ कर रहे है।

**धमाके से पंडाल हुआ धरासायी, होटल में लगे बोर्ड भी नीचे गिरा.... कुछ कालिमा भी दिखी**

चूंकि इन दिनों साहू परिवार के घर गमी होने के कारण दो-तीन दिन से होटल मानव मंदिर बंद पड़ा है। इससे धमाके के संबंध में समुचित जानकारी नहीं मिल पा रही है। दैनिक दावा संवाददाता ने मौका मुआयना कर देखी तो मानव मंदिर चौक के सामने वाले हिस्से में ऊपर में लगा हुआ दूध डेयरी का बोर्ड नीचे गिरा हुआ पाया, वही ऊपर छज्जे वाले हिस्से में कुछ कालिमा दिखी जो संभवतः किसी विस्फोट के चलते हो सकता है। इस बारे में कोतवाली थाने में दरयाफ्त करने पर किसी के भी द्वारा धमाके के संबंध में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराया जाना बताया गया। वायरल वीडियो में उक्त कथित धमाके से मानव-मंदिर के भवन में नुकसान होना भी बताया गया है। साथ ही देर रात हुई उक्त धमाके को प्रशासन की लापरवाही भी कहा जा रहा है।

बताया जा रहा है कि बीती रात लगभग तीन बजे शहर के अन्दर कोई वाहन घुस गया जिससे मानव मंदिर चौक में धार्मिक आयोजन के लिए लगाए गए पंडाल से टकरा गया। इससे धमाके जैसे आवाज सुनी गई। उक्त घटना से मानव मंदिर चौक में लगे गुलाबी रंग का आकर्षक पंडाल गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया। वही मानव मंदिर के उपरी हिस्से में लगा बोर्ड भी नीचे गिर पड़ा। उक्त क्षेत्र में कुछ कालिमा भी दिखाई पड़ रही है। लोगों का कहना है कि गनीमत है कि उक्त घटना रात को हुई नहीं तो दिन में होने से कई लोग उक्त वाहन के चपेट में आ सकते थे जिससे जन-धन की हानि हो सकती थी।

# शराब घोटाले मामले में आरोपी अनिल टुटेजा और ढेबर की 205 करोड़ की संपत्ति सीज

रायपुर। छत्तीसगढ़ के शराब घोटाले मामले में केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शराब घोटाले मामले में गिरफ्तार आरोपियों की प्रापर्टी अटैच की है। इसमें पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा और अनवर ढेबर की करोड़ों की प्रापर्टी को अटैच किया गया है। ईडी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, 18 करोड़ रुपये मूल्य की 18 चल और 161 अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। शराब घोटाले की चल रही जांच में अनिल टुटेजा और अनवर ढेबर समेत अन्य से संबंधित लगभग 205.49 करोड़ की प्रापर्टी को सीज किया गया है।















स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com